राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 198
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 13 जून 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 बीच में रोकी गई नोएडा बोर्ड बैठक
पेज 4 झांसी में स्टील कारोबारी, पत्नी और बेटी की मौत
पेज 6 भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा, लेकिन हम जानते हैं कि

## संक्षिप्त खबरें

### अहमदाबाद सिविल अस्पताल में पहुंचे पूरी तरह जले शव

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश होने के बाद हादसे के शिकार लोगों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया जा रहा है। साथ ही शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भी लाया जा रहा है। एम्बुलेंस की कमी आने पर शवों को हाथ ठेलों से भी लाया गया। ज्यादातर शव पूरी तरह जले थे। इधर अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी आ गई है। अस्पताल ने डोनर्स से ब्लड डोनेट करने की अपील की है। गुजरात सरकार ने मृतकों और घायलों के परिजन की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर- 9978405304 और 079 232 51900 जारी किए हैं।


### पंजाब में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की कार में लाश मिली

**लुधियाना/बठिंडा।** पंजाब की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कमल कौर भाभी उर्फ कंचन कुमारी की मौत हो गई। उसकी लाश बठिंडा में एक अस्पताल की पार्किंग में कार से मिली। घटना का एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जिसमें 10 जून को सुबह 5: 33 बजे एक कार अस्पताल की पार्किंग में आती हुई दिख रही है। एक सिख युवक कार पार्क करके वहां से चला जाता है। अभी यह सामने नहीं आया है कि कमल कौर की हत्या किसने की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कमल कौर (30) लुधियाना की रहने वाली थीं।



### हैप्पी मॉर्निंग

पलटू- अंकल, मुझे पीएचडी की डिग्री मिल गई है, अब आप मेरा उधारी वाला खाता निकालो दुकानदार- अरे बहुत अच्छा, आज सारा हिसाब चुकता करोगे क्या? पलटू- नहीं अंकल, बस खाते में मेरे नाम के आगे डॉक्टर लगा दो पलटू- की बात सुनकर दुकानदार ने लट्ठ उठाकर उसको जमकर कूटा.....




### शायरी

अपने जीवन में नियमित और व्यवस्थित रहो, ताकि तुम अपने लेखन में हिंसक और मौलिक बन सको।

### अर्थसार

संसेक्स:
81,691.98
-823.16 (1.00%)
निफ्टी:
24,888.20
-253.20



### मौसम



अधिकतम : 41 डिग्री से0
न्यूनतम : 32 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 5 : 28
सूर्यास्त शुक्रवार : 7 : 24

# अहमदाबाद विमान हादसा, 241 यात्रियों की मौत

## भारतीय मूल का ब्रिटिश नागरिक जिंदा बचा, एअर इंडिया की फ्लाइट लंदन जा रही थी; पूर्व सीएम रुपाणी का भी निधन

अहमदाबाद। अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। अब तक हादसे में केवल एक यात्री के जिंदा बचने की बात आई है। बाकी सभी लोगों की मौत हो गई है।

प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले न्यूज एजेंसी ने पुलिस कमिश्नर के हवाले से जानकारी दी थी कि एक अन्य व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात शामिल हैं। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे।











### शाह बोले- मृतकों की पहचान के लिए 1000 डीएनए टेस्ट कराने होंगे

गृह मंत्री अमित शाह बोले- विमान में सवार 242 में से 241 लोगों का निधन हुआ है, उनकी पहचान डीएनए टेस्ट से कराई जाएगी। सभी यात्रियों के परिजनों का डीएनए लिया जा रहा है। विदेश में रहने वाले परिजन को जानकारी दी गई है। शवों के डीएनए लिए गए हैं। 1000 से ज्यादा डीएनए टेस्ट किए जाएंगे। गुजरात के पास इतनी बड़ी संख्या में टेस्ट की कैपेसिटी है।

### टाटा ग्रुप मृतकों के परिजन को 1 करोड़ देगा

टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने घटना पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा- टाटा ग्रुप द्वारा मृतकों के परिजन को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता दी जाएगी। सभी घायलों का इलाज पूरी तरह टाटा ग्रुप की ओर से कराया जाएगा। बी.जे. मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के निर्माण में भी टाटा ग्रुप मदद करेगा।


### गुजरात के पूर्व सीएम रुपाणी का निधन

गुजरात के अहमदाबाद से लंदन के गैटविक एयरपोर्ट जा रहा बोइंग का 787 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार को क्रैश हो गया। यह विमान टेकऑफ के महज पांच मिनट बाद ही एयरपोर्ट से कुछ दूरी पर स्थित मेघाणीनगर में एक रिहायशी इलाके में इमारत से टकरा गया।

इस घटना के बाद दुनियाभर के नेताओं ने घटना पर शोक जताया और हताहतों के परिजनों को लेकर संवेदना व्यक्त की। इस बीच खबर आ रही हैं कि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी इस एयर इंडिया की फ्लाइट में सवार थे।

### प्लेन डॉक्टर हॉस्टल की 4 बिल्डिंग से टकराया: हॉस्टल में 50-60 इंटर्न डॉक्टर मौजूद थे, 6 शव मिले





अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन सिविल हॉस्पिटल के हॉस्टल की 4 बिल्डिंग से टकराया था। जिनमें रेजिडेंट डॉक्टर रहते थे। घटना के दौरान हॉस्टल में 50 से 60 इंटर्न डॉक्टर्स मौजूद थे। ज्यादातर मेस में लंच कर रहे थे। धमाके का असर इतना ज्यादा था कि अंदर मौजूद डॉक्टरों के शव भी टुकड़ों में बिखर गए। भास्कर रिपोर्टर मौके पर पहुंचा तो पता चला है कि यहां से छह शव निकाले जा चुके हैं। विमान में आग लगने से उठे धुएं से हॉस्टल की बिल्डिंग पूरी तरह काली पड़ गई है। हर तरफ सिर्फ मलबा पड़ा है। हॉस्टल खंडहर जैसा हो गया है। करीब 50 डॉक्टर्स घायल हुए हैं। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश-राजस्थान के 12 लोगों की मौत

### डॉक्टर दंपती और परिवार खत्म

**उदयपुर।** अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे में राजस्थान के 12 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में प्रदेश के 7 परिवार के लोग शामिल है, इनमें 5 बांसवाड़ा, 5 उदयपुर, एक-एक बालोतरा और बीकानेर के रहने वाले हैं।



बांसवाड़ा की डॉ. कोनी व्यास, उनके पति डॉक्टर प्रतीक जोशी, बच्चे प्रद्युत जोशी, मिराया जोशी और नकुल जोशी की भी विमान क्रैश में मौत हो गई। उदयपुर के पेसिफिक हॉस्पिटल उमरड़ा के प्रबंधन ने बताया कि डॉ. कोनी व्यास ने एक महीने पहले यहां से जॉब छोड़ दी थी।

वे उनके पति के साथ ही रहने के लिए लंदन जा रही थी, इसलिए उन्होंने इस्तीफा दिया।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे में सिर्फ एक यात्री बचा

### रमेश विश्वास कुमार की तस्वीर आई सामने, चलते हुए नजर आए; कहा- ये करिश्मे से कम नहीं

अहमदाबाद। अहमदाबाद प्लेन हादसे में सिर्फ एक यात्री रमेश विश्वास कुमार जिंदा बचा है। वो प्लेन की 11ए पर बैठे थे।

रमेश का वीडियो सामने आया है, जिसमें वे घटनास्थल से खुद बाहर निकलते हुए नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे जख्म हैं, वो लंगड़ाते हुए चल रहे हैं।

गंभीर घायल रमेश ने बताया- टेकऑफ के 30 सेकेंड बाद ही प्लेन जबरदस्त आवाज के साथ क्रैश हो गया। मुझे होश आया तो मेरे अगल-बगल लाशें ही लाशें थी। प्लेन के टुकड़े चारों तरफ बिखरे हुए थे। मुझे किसी ने उठाया और एम्बुलेंस में डाल दिया। मेरा भाई भी मेरे साथ प्लेन में सफर कर रहा था। प्लीज उसे ढूंढने में मेरी मदद कीजिए।



## एक साल पहले बोइंग के इंजीनियर ने ड्रीमलाइनर में किया था खामी का दावा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद के एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही दुर्घटना का शिकार हो गया।

यह विमान करीब 242 लोगों को लेकर जा रहा था, जो इतिहास की सबसे भयानक विमानन दुर्घटनाओं में से एक है। लंदन जा रहे इस विमान में 232 यात्री और 10 चालक दल के सदस्य थे।

### बोइंग के ही एक इंजीनियर ने उठाए थे सवाल

वहीं, सबसे सुरक्षित माने वाले विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर पर बोइंग के ही एक इंजीनियर ने सुरक्षा में समझौते के लेकर सवाल उठाए थे। विमान बोइंग 787 ड्रीमलाइनर था, इसको ईंधन की बचत करने वाला, चौड़ा विमान जो लंबी दूरी की उड़ानों के लिए अमेरिकी कंपनी की सूची का गौरव है।

आसमान में सबसे सुरक्षित और सबसे उन्नत विमानों में से एक के रूप में मार्केटिंग किए जाने के बावजूद, ड्रीमलाइनर को कई तकनीकी दोषों से जोड़ा गया है।

वास्तव में, दुर्घटना ने पिछले साल बोइंग इंजीनियर के दावों को सुर्खियों में ला दिया है, जिन्होंने कहा था कि 787 ड्रीमलाइनर असेंबली में काफी दिक्कतें हैं जो सुरक्षा को खतरा पहुंचाते हैं।

## लापरवाही या टेक्निकल फॉल्ट ...

# प्लेन क्रैश के बाद उठने लगे सवाल

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुआ एअर इंडिया का बोइंग ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार सुबह 10.07 बजे दिल्ली के आईजीआइ एयरपोर्ट से रवाना हुआ। किसी ने नहीं सोचा था कि यह उसकी अंतिम यात्रा साबित होगी। इसी विमान ने अहमदाबाद से लंदन के लिए लंबी उड़ान भरी थी, लेकिन टेकऑफ के दौरान यह हादसे का शिकार हो गया।

एविएशन एक्सपर्ट पूरे दिन इस घटना के कारणों पर कयास लगाते रहे। सभी ने विमान की देखरेख में हुई चूक को संभावित कारण बताया है। सूत्रों के अनुसार, विमान की हर लैंडिंग के बाद इंजीनियरों की टीम जांच करती है। विशेषकर जब विमान अंतरराष्ट्रीय रूट पर लंबी दूरी के लिए उड़ान भरता है, तो जांच और भी बारीकी से की जाती है।



### हादसे के बाद कई तरह के सवाल उठने लगे हैं...

ड्रीमलाइनर ने नई दिल्ली से एआई423 बनकर निर्धारित समय से लगभग 17 मिनट की देरी से सुबह 10:07 बजे उड़ान भरी। विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 11:16 बजे लैंडिंग की। इसके बाद इसकी अगली उड़ान 1:10 बजे निर्धारित थी, लेकिन विमान 28 मिनट की देरी से 1:38 बजे रवाना हुआ। इस प्रकार, लैंडिंग और टेकऑफ के बीच 2: 22 घंटे का अंतराल रहा, जिसमें लगभग आधे घंटे का समय लैंडिंग प्रक्रिया और बे-एरिया से क्लियरेंस में लगा।

विमानन विशेषज्ञों का कहना है कि शेष समय में विमान की तकनीकी जांच विस्तृत तरीके से नहीं की जा सकती। ऐसे में सवाल उठता है कि विस्तृत जांच कहां हुई होगी? विस्तृत जांच में एक मशीन पूरे विमान को स्कैन करती है और इंजीनियरों को उन हिस्सों की जानकारी देती है, जहां ध्यान देने की आवश्यकता होती है। लेकिन इसमें समय लगता है। विशेषज्ञों का मानना है कि विमान की विस्तृत जांच बृहस्पतिवार को दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट पर हुई होगी। इस प्रक्रिया में कम से कम पांच से छह घंटे का समय लगना आवश्यक है। इसलिए, जांच में चूक की संभावना अधिक है।

हालांकि, यह भी सच है कि विमान ने नई दिल्ली से अहमदाबाद की यात्रा सुरक्षित रूप से पूरी की। इस प्रकार, मामला जटिल है और ठोस नतीजों के लिए जांच का इंतजार करना आवश्यक है। ड्रीमलाइनर की देखरेख की जिम्मेदारी एअर इंडिया के पुराने कर्मियों पर है। सूत्रों के अनुसार, एअर इंडिया के निजीकरण के बाद भी कुछ विमानों की देखरेख का जिम्मा पुराने इंजीनियरों की टीम के पास है, जिसमें अहमदाबाद में क्रैश हुआ ड्रीमलाइनर भी शामिल है।

राजा हत्याकांड

### सोनम की शादी के 11 दिन पहले प्लान किया मर्डर; वारदात के बाद 14 दिन इंदौर में रही सोनम

# राजा रघुवंशी की हत्या का मास्टरमाइंड राज कुशवाह

शिलॉन्ग । इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या का मास्टरमाइंड सोनम का प्रेमी राज कुशवाह है।

उसने राजा और सोनम की शादी के 11 दिन पहले मर्डर का प्लान बना लिया था। यह खुलासा मेघालय पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने किया है।

शिलॉन्ग एसपी विवेक स्येम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि तीन आरोपी विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी 19 मई को ही शिलॉन्ग पहुंच गए थे। राजा की हत्या के बाद सोनम 25 मई को इंदौर पहुंची। यहां वह 7 जून तक रही। इसके बाद राज के साथ ही गाजीपुर गई।



बता दें कि 11 मई को शादी के बाद 21 मई को राजा-सोनम शिलॉन्ग पहुंचे थे। 23 मई को परिवार से आखिरी बात हुई थी। 2 जून को राजा का शव मिला था। 17 दिन से गायब सोनम 9 जून को गाजीपुर में मिली थी। इसके बाद ही हत्याकांड का खुलासा हुआ था।

### डीजीपी ने कहा- सोनम ने होम स्टे में छोड़ा था सूटकेस

मेघालय की डीजीपी इदाशीशा नोंग्रांग ने कहा- राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम ने लापता होने से पहले अपना सूटकेस सोहरा के एक होम स्टे में छोड़ा था। उसमें मिले मंगलसूत्र और अंगूठी ने केस को सुलझाने में मदद की। एक विवाहिता का गहने छोड़ना हमें संदिग्ध लगा। इस हत्याकांड की साजिश इंदौर में रची गई इसलिए मेघालय पुलिस सोनम को अगले कुछ दिन में इंदौर ले जा सकती है।

### सबूत देखे तो चीख-चीखकर रोने लगी सोनम

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बुधवार सुबह जब 11 बजे सोनम से पूछताछ की गई तो उसने खुद के साथ डकैती होने का दावा किया। लेकिन, जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्ड, मौका-ए-वारदात से मिला रेनकोट, खून से सनी शर्ट जैसे सबूत दिखाए तो वो चीख-चीखकर रोने लगी।

# देश में राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म

## पारा 48, यूपी-बिहार में लू से 5 की मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** देश में बुधवार को राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा। यहां सीजन का सबसे ज्यादा 48 तापमान रिकॉर्ड हुआ।

6 साल पहले 2019 में शहर का तापमान 49 दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने राजस्थान के 13 जिलों में आज भीषण गर्मी की चेतावनी दी है।

बिहार के शिवहर में बुधवार को घर की मरम्मत कर रहे एक युवक की लू लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि राम (30 साल) के रूप में हुई है। मौसम विभाग ने आज राज्य के सभी जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तापमान भी 1-2 डिग्री बढ़ सकता है।

यूपी के अधिकतर जिलों में तापमान 40 के पार है। बीते 24 घंटे में लू (हीटस्ट्रोक) से 4 लोगों की मौत हुई है।

आज भी प्रदेश के कई जिलों में हीटवेव की चेतावनी है। मध्य प्रदेश में गुरुवार को लगातार छठे दिन भीषण गर्मी का असर रहेगा। ग्वालियर, चंबल-सागर संभाग के 12 जिलों में लू चलने की संभावना है।

# संपादकीय

## 'जब नफ़रत इतिहास लिखती है'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

जब भी कोई विचारधारा तर्क से हार जाती है, वह इतिहास के शवों को कंधे पर ढोने लगती है। कब्र से उठाए गए झूठ, अधकचरे वीडियो और ग्राफिक अब 'इतिहास' बन गए हैं — और सच्चे इतिहासकार गालियाँ खा रहे हैं।
आज देश में एक संगठित हमला हो रहा है — इतिहास पर, विचारों पर और विरासत पर। गांधी-नेहरू को खलनायक और गोडसे-सावरकर को नायक बनाने की मुहिम चल रही है।

### व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी का 'इतिहास पाठ्यक्रम'

आज की पीढ़ी किताबें नहीं पढ़ती, रील्स और मैसेज पढ़ती है। इतिहास अब शोध से नहीं, फॉरवर्डेड से तय हो रहा है।
कोई वीडियो आया — जिसमें नेहरू को वाइन के साथ दिखाया गया, तो वह पाकिस्तान समर्थक हो गया।
कोई ग्राफिक घूम गया — जिसमें गांधी को मुसलमानों के पक्षधर बताया गया, तो वे देशद्रोही हो गए।
यह 'तथ्यों की हत्या' नहीं, पूरे समाज का वैचारिक नरसंहार है।

### दो राष्ट्र सिद्धांत : क्या जिन्ना अकेले जिम्मेदार थे?

आम प्रचार : 'बंटवारा जिन्ना और कांग्रेस की ज़िद से हुआ।'

**सच्चाई :**

- 1923 : सावरकर की किताब 'हिंदुत्व' — जिसमें उन्होंने धर्म के आधार पर राष्ट्र की परिभाषा दी।
- 1937 : हिंदू महासभा के मंच से सावरकर ने कहा — 'हिंदू और मुसलमान दो राष्ट्र हैं, वे एक नहीं हो सकते।'
- 1940 : जिन्ना का लाहौर प्रस्ताव, जिसमें दो राष्ट्र सिद्धांत का औपचारिक प्रस्ताव आया।

यानी जिन्ना से पहले सावरकर इस सोच को बो चुके थे।
तो फिर क्यों नहीं कहा जाता कि बंटवारे का बीज सावरकर ने बोया?
क्योंकि यह सवाल उठाना उनके 'वीर' ब्रांड को नुकसान पहुँचा सकता है — और आज नफ़रत का धंधा उसी ब्रांड से चलता है।
गांधी-नेहरू की दीवार को गिराना क्यों ज़रूरी बना दिया गया?

- गांधी कहते थे : 'हिंदू-मुस्लिम एकता के बिना भारत अधूरा है।'
- नेहरू मानते थे : 'धर्म, राष्ट्र निर्माण का आधार नहीं हो सकता।'

आज यह विचार 'राष्ट्रविरोधी' करार दिए जा रहे हैं।
जो गांधी ने अहिंसा से अंग्रेज़ों को हराया, और
जो नेहरू ने संविधान, योजना आयोग, IIT, ISRO और लोकतंत्र की नींव रखी —
उन्हें विलेन बना देना, वोट बैंक की राजनीति का सबसे आसान फॉर्मूला बन चुका है।

### मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा : जब दोनों ने मिलकर सरकार चलाई

1940 के दशक में बंगाल, सिंध और उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत में हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने मिलकर गठबंधन सरकारें चलाईं। यानी जिन्ना और सावरकर की पार्टियों ने सत्ता के लिए सिद्धांत ताक पर रख दिए।

### वहीं गांधी ने विभाजन के दिन भी सत्ता नहीं ली, बल्कि कहा

'आजादी अधूरी है, ये मेरी हार है।'
और यही सच्चाई नफ़रत फैलाने वालों को चुभती है।

### निष्कर्ष : इतिहास मिटाने से भविष्य नहीं बनता

जो लोग गांधी-नेहरू की विचारधारा से असहमत हैं — उनसे संवाद हो सकता है।
लेकिन जो लोग व्हाट्सएप की डिग्री लेकर गालियाँ देते हैं — उनसे बहस नहीं, दया होनी चाहिए।
आज ज़रूरत है तथ्य आधारित राष्ट्रवाद की — जिसमें भावनाओं के साथ विवेक और ईमानदारी भी हो।

**गांधी और नेहरू फिर नहीं लौटेंगे —**
**लेकिन अगर उनके विचारों को मिटा दिया गया,**
**तो यह देश खुद को ही मिटा देगा।**

## युवाओं को नशे का गुलाम बनाने की साजिश

नशों का निरंतर बढ़ता प्रचलन देश भर के लिए चिंतनीय मुद्दा बन चुका है। नशा समाप्ति के हरसंभव प्रयासों के बावजूद कुछ राज्यों में समस्या गंभीर रूप धारण करती जा रही है। पंजाब का नाम भी इसी सूची में सम्मिलित है। बार्डर पार पाकिस्तान से ड्रोन के ज़रिए राज्य तक पहुंच बनाने वाली नशा तस्करी ही पंजाब की एकमात्र चुनौती नहीं; मादक द्रव्यों की इस घुसपैठ में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से बड़े पैमाने पर आने वाली साइकोट्रॉपिक ड्रग्स भी शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर आकलन करें तो इन दवाओं का नेटवर्क देश में भी बराबर सक्रिय मिलेगा। एंटी नारकोटिक्स टास्क फ़ोर्स (एएनटीएफ) के एडीजीपी अनुसार, हिमाचल प्रदेश के बद्दी, गुजरात तथा देहरादून से संचालित विस्तृत नेटवर्क पंजाब व निकटवर्ती क्षेत्रों में अपना जाल फैला रहा है, जिसमें बिना लाइसेंस कई दवाइयां बनाने वाले कारख़ानों के साथ कुछ पंजीकृत फार्मा कंपनियों के नाम भी सामने आ रहे हैं। एडीजीपी के तहत, 1 मार्च से अब तक 25.70 लाख नशे की गोलियां व कैप्सूल बरामद हो चुके हैं, 44 के क़रीब दवा कंपनियां एएनटीएफ के रडार पर हैं। नेशनल ड्रग डिपेंडेंट ट्रीटमेंट की एक रिपोर्ट देखें तो देश की कुल जनसंख्या के 10 से 75 साल तक की आयुवर्ग के लगभग 20 प्रतिशत लोग किसी न किसी प्रकार के नशे के अभ्यस्त हैं। महिलाएं भी इसमें अपवाद नहीं। आजकल कम उम्र के बच्चे भी इसकी चपेट में आने लगे हैं। अनिद्रा, अवसाद, तनाव आदि रोगों के उपचार में प्रयुक्त होने वाली अनेक दवाओं का प्रयोग नशे के रूप में होना गहन चिंता का विषय बन चुका है। 'ड्रग वॉर डिस्टॉर्शन और वर्डोमीटर' की एक रिपोर्ट के मुताबिक़, देश में अवैध दवाओं का धंधा बढ़कर लगभग 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जबकि नियमानुसार, भारत में ऐसी दवाओं का सेवन अथवा इन्हें चिकित्सक की पर्ची के बग़ैर बेचना दोनों ही कानूनन निषेध हैं। दरअसल, इस मुद्दे ने भारत में 'नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस' अधिनियम 1985 (एनडीपीएस), के बाद प्रमुखता हासिल की। कई भारतीय राज्य उपचारात्मक तथा निवारक उपायों के साथ-साथ नशीली दवाओं के उपयोग एवं दुरुपयोग के दुष्प्रभावों के ख़िलाफ़ जागरूकता फैलाकर इस समस्या का निराकरण करने की कोशिश में लगे हैं। हालांकि, सतही तौर पर देश में इस ख़तरे से निपटने के लिए शायद ही कोई कारग़र नीति संज्ञान में हो! कटु, लेकिन सत्य यही है कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने हेतु राज्य प्राधिकारियों तथा स्थानीय सरकारों की सीमित भूमिका से भारत में मादक पदार्थों के उपयोग में कमी नहीं आ पाई। नशों के प्रति बढ़ते रुझान में विविध कारक ज़िम्मेदार रहते हैं, जैसे- तनाव, अकेलापन, असफलता आदि। रिश्तों से जुड़ी समस्यायों, निर्धनता, बेरोज़गारी, शैक्षिक तथा मनोरंजक संसाधनों तक सीमित पहुंच के चलते भी मादक द्रव्यों के सेवन की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि कुछ लोग इनसे बचने अथवा निपटने के लिए नशीली दवाओं का सहारा लेने लगते हैं।

# गरीबी के साथ आर्थिक असमानता दूर करने का लक्ष्य हो

ललित गर्ग



विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है।
भारत एक ओर जहां लगातार तेज ग्रोथ करते हुए बीते दिनों जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना, तो वहीं उपलब्धियों का सिलसिला जारी है और दुनिया इसका लोहा मान रही है। अब एक और खुश करने वाली रिपोर्ट आई है, जो विश्व बैंक ने जारी की है, जिसमें भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी की रोशनी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि कही जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के ग्यारह स्वर्णिम वर्षों में गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की ज़रूरत पर ज़ोर दिया है, गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनकर, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करके और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करके उन्होंने गरीब उन्मूलन की योजनाओं को जमीन पर उतारा है। मोदी सरकार ने गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। उनकी दृष्टि में गरीबी को खत्म करना सिर्फ़ गरीबों की मदद करना नहीं है - बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है।
विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार रोजगार में वृद्धि हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भारत ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी जबरदस्त प्रगति की है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर फोकस पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच को बढ़ाया है।
डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल समावेश और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने अंतिम जन तक लाभों की पारदर्शिता और तेज वितरण सुनिश्चित किया है। इससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी पर पार पाने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन किया है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। पूरे भारत में अत्यधिक गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें प्रमुख राज्यों ने गरीबी में कमी लाने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और बंगाल में 2011-12 में देश के 65 फीसदी अत्यंत गरीब लोग थे। इन पांच राज्यों ने ही 2022-23 तक गरीबी कम करने में दो-तिहाई का योगदान दिया है।
विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत से गरीबी उन्मूलन की योजनाओं एवं सोच से प्रेरणा लेने की बात कही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की 45 प्रतिशत आबादी गरीबी में है। भारत की गरीबी दर 5.3 प्रतिशत और पाकिस्तान की 42.4 प्रतिशत है। इसका सबसे बड़ा कारण पाक अपना सारा ध्यान आतंकवाद एवं आतंकवादियों के पोषण पर देता है, गरीबी दूर करना उसकी योजनाओं एवं नीतियों में दूर-दूर तक नहीं है। इसीलिये भारत ने वैश्विक मंचों पर पाक पर यह आरोप भी लगाया है कि वह अंतरराष्ट्रीय सहायता का दुरुपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है। भारत ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे पाक को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करें, क्योंकि इसका उपयोग आम लोगों के कल्याण के बजाय सैन्य खर्च और आतंकवादी गतिविधियों में हो रहा है। हाल के पाहलगाम हमले के बाद भारत ने इस मुद्दे को और जोरदार तरीके से उठाया, जिसमें उसने पाक के सैन्य बजट में 18 प्रतिशत वृद्धि और सामाजिक कल्याण पर कम खर्च को उजागर किया। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। पाक में यही स्थितियां देखने को मिल रही है।


आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है।

लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। गरीबी-अमीरी के बीच के बढ़ते फासले को कम करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं।

भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। अब तक यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा बनी रही है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए थी। एक बड़ा प्रश्न था कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? गांधी और विनोबा ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए 'सर्वोदय' की बात की। लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया था। 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गए। अब तक जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते थे, वे सत्ता प्राप्त कर सकते थे। लेकिन अब मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन के लिये सार्थक प्रयत्न कर रही है। मोदी सरकार की तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने गरीब वर्ग को लाभान्वित किया है। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिये गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिये सम्मान, समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3559



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो -3558का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमिका : मेरे होंठ गुलाब की पंखुड़ी जैसे हैं ना।
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी आँखें कमल के फूल जैसी हैं ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी आवाज कोयल जैसी है ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी चाल मोरनी जैसी है ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : ओह! तुम कितनी अच्छी बातें करते हो।

□ □ □

एक दिलफेंक आशिक ने एक युवती को पकड़ा और सरेआम किस कर दिया।
युवती बोली- तुमने ये क्या किया?
युवक- तो इसे कहते हैं डायरेक्ट मार्केटिंग।
युवती ने युवक का कॉलर जोर से पकड़ा और खींचकर एक जोर का चाँटा रसीद कर दिया।
युवक- अब ये क्या था?
युवती- इसे कहते हैं कस्टमर फीडबैक।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3559



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, रेखा की 'तू मेरा मखना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'किसीसे तुम प्यार करो' गीत वाली अक्षय, लारा, प्रियंका की फिल्म-३
५. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
७. राजकुमार, मीनाकुमारी की 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली फिल्म-३
८. मंगेशकर बहनों लता, आशा, उषा की चौथी बहन का नाम क्या हैं?-२
९. अमिताभ, जया की 'आए तुम याद मुझे' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१२. देवआनंद, निम्मी की 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मैं ने तुझसे प्यार' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
१४. राजकपूर, मीनाकुमारी की 'ऐ चाँद जहाँ वो जाए' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१६. अजय देवगन, मनीषा, करिश्मा की एक फिल्म-४
१८. 'जलता है जिया' गीत वाली सुनील दत्त, रीनाराय, आशा की फिल्म-२
१९. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली अनिल, तब्बू, पूजा बत्रा की फिल्म-४
२५. मनीष, मनीषा की 'तू दीवाना पागल मेरा' गीत वाली फिल्म-३,३
२७. 'लड़की है क्या' गीतवाली फिल्म-३
२८. 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सूर्यवंशी' में नायिका कौन थी-२
३०. सनी, जूही की 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'जब कोई बात' गीतवाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रात कली इक ख्वाब में आई' गीत वाली फिल्म-२,२,२
२. फिल्म 'आर या पार' की नायिका-२
३. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
४. 'तुम भी चलो हम भी चलें' गीत वाली अमिताभ, सायरा की फिल्म-३
६. राजेश खन्ना, राखी की 'छोड़दे जवानी में उदासी' गीत वाली फिल्म-४
११. 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-१,२
१२. नसीरूद्दीनशाह, पूजा की 'आज हमने दिल का हर फैसला' गीत वाली फिल्म-२
१३.'बहारों फूल बरसाओ' गीतवाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, शशि, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया की फिल्म-२
१७. जीतेंद्र, हेमा की 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२०.फिल्म 'शोला और शबनम' नायिका कौन थी?-३
२१. फिल्म 'गुनाह' की नायक कौन था-२
२२. जीतेंद्र, लीना की 'कभी खोले ना तिजोरी का' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'मझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो और बिपाशा की फिल्म-२
२४. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'फूलों सा चेहरा तेरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. राजेश, धर्मेन्द्र, वहीदा की 'हमने देखी है' गीत वाली फिल्म-३
२८.'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनीदेओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3558



## सूडोकु -3559

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3558 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली - 3559



**बाएँ से दाएँ**

1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

शब्द पहेली -3558 का हल



# बीच में रोकी गई नोएडा बोर्ड बैठक

## शुक्रवार को दोबारा से बैठक होगी, 27 एजेंडे शामिल, मुख्य सचिव ऑनलाइन लेंगे हिस्सा




**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक गुरुवार को होनी थी। कुछ देर मीटिंग के बाद अचानक बैठक को बीच में ही रोक दिया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव मनोज सिंह कर रहे थे। बीच में बैठक रुकने के बाद जानकारी दी गई कि अपरिहार्य कारणों से बैठक को अब शुक्रवार को किया जाएगा। इसमें सभी 27 एजेंडों को रखा जाएगा। जिन पर मुहर लगेगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव मनोज सिंह करेंगे। प्राधिकरण ने बताया कि बैठक में वित्त विभाग का एक प्रस्ताव, ग्रुप हाउसिंग के दो प्रस्ताव, वाणिज्यिक का तीन प्रस्ताव, संस्थागत के पांच प्रस्ताव के अलावा आवासी ये तीन प्रस्तावों के अलावा कार्मिक और नोएडा ग्रेटर नोएडा यमुना में जीसीसी मोड पर चलने वाली 500 ई बसों के लिए कंपनियों के द्वारा दिए गए सुझावों पर चर्चा होगी। प्राधिकरण ने बताया कि यूनिफाइड पॉलिसी के अंतर्गत कैपिटल कास्ट की गणना में संशोधन प्रस्तुत किया जाएगा। जिस पर मुहर लगेगी।

इसके अलावा वाणिज्यिक बिल्डर भूखंड कर योजना 2025-26 के तहत 20 हजार वर्गमीटर से कम और 20 हजार वर्गमीटर से अधिक से भूखंडों की योजना, अस्पताल और स्कूल के भूखंड जिनका आवंटन साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा इनके प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अलावा जर्जर बहुमंजिला आवासी इमारतों के पुनर्विकास के लिए नई नीति तैयार की जाएगी।

### 500 बसों की आरएफपी में संशोधन

वहीं सेक्टर-145 में 5 प्रतिशत आबादी भूखंड को डेवलप किया जाएगा। सेक्टर-164 में औद्योगिक भूखंडों को इलेक्ट्रानिक यूनिट के लिए आवंटित करने से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा होगी। इसके अलावा सिविल से सेक्टर-96 प्रशासनिक भवन के निर्माण व शहर में चलने वाली 500 ई बसों को लेकर आरएफपी में संशोधन किया जाएगा।

### मिश्रित भू उपयोग के लिए बढ़ेगा कन्वर्जन चार्ज

प्राधिकरण अपने वित्तीय हितों को लेकर भी आवासीय और औद्योगिक भूखंडों में मिश्रित भू उपयोग के लिए कन्वर्जन चार्ज संबंधित सेक्टर की वाणिज्यिक आवंटन दर व आवासी या औद्योगिक आवंटन दर के अंतर का 10 प्रतिशत की बजाय 50 प्रतिशत धनराशि एक मुश्त लिए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

# नोएडा में बिजली की मांग बढ़ी

### ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए लगाए गए वाटर कूलर, फीडर की रोस्टिंग जारी

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा-एनसीआर में गर्मी का प्रकोप बढ़ने से बिजली की मांग में तेज वृद्धि हुई है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए बिजली के उपकरणों का अधिक उपयोग कर रहे हैं। इससे ट्रांसफार्मर तेजी से गर्म हो रहे हैं।

बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए वाटर कूलर लगाए हैं।

ट्रांसफार्मर का तापमान 60 से 70 डिग्री से अधिक न हो, इसके लिए पानी का छिड़काव किया जा रहा है। दादरी के बिद्युत केंद्र में भी ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने की व्यवस्था की गई है।

सुपरिटेंडेंट इंजीनियर रितेश आनंद के अनुसार, उत्तर प्रदेश में बिजली की मांग 31,000 मेगावॉट तक पहुंच गई है। दादरी में भी मांग में वृद्धि हुई है। कई स्थानों पर ओवरलोडिंग की समस्या आ रही है। पावर ट्रांसफार्मर भी ओवरलोड हो रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए फीडरों को बारी-बारी से रोस्टिंग के माध्यम से संचालित किया जा रहा है।

रितेश आनंद बताते है कि गर्मी में बिजली की समस्या को दूर करने के लिए हम लोगों ने काफी काम भी कराया है।

बिज़नेस प्लान के तहत दादरी डिवीज़न के जो 65 गांव हैं, उन 65 गांव में सभी जगह लगभग डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की गई है। जो मांग बढ़ी थी। उस मांग को पूरा करने के लिए क्षमता बढ़ाई गई है, लगभग ये लगभग हमारे दादरी में करीब 80 ट्रांसफार्मर के आसपास की क्षमता वृद्धि हुई है।

साथ ही साथ पावर ट्रांसफार्मर जो सबस्टेशन के पावर ट्रांसफार्मर की एक साल के अंदर चार पावर ट्रांसफार्मर की भी संख्या कैपेसिटी बढ़ाई गई है।

# नोएडा में वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

### 9 चोरी की बाइक समेत 4 आरोपी और 1 नाबालिग पकड़े, 3 चाकू भी बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की थाना इकोटेक-3 पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। आरोपियों से 9 चोरी की मोटरसाइकिल, एक फर्जी नंबर प्लेट और 3 अवैध चाकू बरामद किए गए हैं।

10 जून को पुलिस ने डंपिंग यार्ड के पास से रोहित को गिरफ्तार किया। उसके साथ एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। दोनों के पास से एक हीरो स्प्लेंडर बाइक और 2 चाकू मिले। जांच में बाइक चोरी की निकली। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने नोएडा से कई बाइक चुराई थीं। उन्होंने इन बाइकों को डंपिंग यार्ड के पीछे जंगल में छिपा रखा था।

चोरी की बाइकें खरीदने के लिए राघवेंद्र, अमित और चंद्रभान को बुलाया गया था।

पुलिस ने इन तीनों को भी गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी के पास से एक और चाकू बरामद हुआ। जंगल से 8 और चोरी की बाइकें भी बरामद की गईं।

इकोटेक 3 थाना प्रभारी ने बताया कि यह बड़े ही शातिर किस्म का गिरोह है, जो आए दिन चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करता था। फिलहाल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल में दिया गया है।

# जिले में 80 हजार लिफ्ट, लेकिन 7702 लिफ्ट ही पंजीकरण

## अब तीन गुना धनराशि के साथ पंजीकरण करना होगा, पंजीकरण न कराने पर लिफ्ट का संचालन बंद करने की कार्यवाही करेगा प्रशासन

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हाउसिंग सोसायटियों में लगातार हो रही लिफ्ट फंसने, खराब होने से होने वाले हादसे रोक लगाने के लिए गौतमबुद्ध नगर डीएम ने कलेक्ट्रेट के सभागार में नोएडा व ग्रेटर नोएडा की आरडब्ल्यूए और एओए के साथ बैठक की। बैठक में डीएम ने कहा है कि लिफ्ट एवं एस्केलेटर का अधिनियम 2024 के तहत लिफ्ट का पंजीकरण कराना जरुरी था, लेकिन बड़ी संख्या में पंजीकरण नहीं कराए गए। अब तीन गुना धनराशि के साथ पंजीकरण करना होगा। अगर पंजीकरण नहीं कराया तो फिर लिफ्ट का संचालन बंद करने की कार्रवाई की जाएगी।



बता दे कि डीएम मनीश कुमार ने कहा कि अधिनियम जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है। लिफ्टों के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन के लिए सभी स्वामियों को उत्तर प्रदेश लिफ्ट एवं एस्केलेटर नियमावली-2024 के अंतर्गत पंजीकरण कराना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अधिनियम की जानकारी अपने सोसायटी में रहने वाले लोगों को दें और लिफ्टों की नियमित जांच एवं रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दें। सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा ने बताया कि उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर अधिनियम 2024 तथा उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर नियमावली 2024 के प्राविधानों के तहत नियमों के समय सीमा का उल्लंघन करने पर स्वामी के विरूद्ध विलंब शुल्क लागू किया जायेगा, 31 मार्च तक लिफ्ट का पंजीकरण कराने का मौका दिया गया था, लेकिन दो माह पहले पूरा हो चुका है। इसके बाद भी अब तक केवल 7702 लिफ्ट का पंजीकरण हुआ है। जबकि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 80 हजार से अधिक लिफ्ट हैं। समय पूरा होने के बाद विलंब शुल्क के साथ लिफ्ट का पंजीकरण कराना था। पहले सात दिन में 100 रुपये प्रतिदिन, फिर सात से 15 दिन में 200 रुपये प्रतिदिन, 15 से 30 दिन में 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से पंजीकरण कराना था, लेकिन यह समय भी पूरा हो गया है। 30 दिन के बाद 10,000 रुपये विलंब शुल्क देना होगा।

एक दिन पहले ही सीनियर सिटीजन सोसाइटी में एक ही परिवार के 6 लोग लिफ्ट में फंस गए और करीब 45 मिनट तक यह लोग लिफ्ट में फंसे रहे। जिंन्हें पीआरवी मौके पर पहुँच और लोहे की रोड से लिफ्ट को कड़ी मशक्कत के बाद खोलकर 6 सदस्य को सुरक्षित बाहर निकाला। भवनों में लिफ्टों के खराब होने से बार-बार असुविधा हो रही है। यह मुद्दा कई लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन गया है, जिसके कारण प्रशासन को निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया है।

# एक्सप्रेस वे पर अंडरपास बनाने के लिए आई 15 कंपनियां

## 181 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च, डायाफ्राम तकनीक का किया जाएगा प्रयोग

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बनने वाले दो अंडरपास को बनाने के लिए 15 एजेंसियां आगे आई हैं।

अगले सप्ताह इन एजेंसियों की फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी। इससे पहले भी दोनों अंडरपास के लिए 10 एजेंसियां आई थी। लेकिन फाइनेंशियल बिड के दौरान किसी भी कंपनी का चयन नहीं हो पाया था। प्राधिकरण ने बताया कि जिस एजेंसी ने सबसे कम रेट पर अंडरपास बनाने का दावा किया होगा, उसको काम का जिम्मा दे दिया जाएगा।

### एक्सप्रेस वे पर दो स्थानों पर बनेंगे अंडरपास

ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-128 सुल्तानपुर और सेक्टर-168 झट्टा गांव के सामने अंडरपास बनने हैं। सुल्तानपुर गांव के सामने सेक्टर-128, 129, 132 और सेक्टर-108 के बीच इसे बनाया जाना है।

इस अंडरपास की लागत करीब 81 करोड़ 61 लाख रुपए अनुमानित है। दूसरा, झट्टा अंडरपास सेक्टर-145, 146, 155, 159 और 168 के बीच बनाया जाना है। इसकी लागत टेंडर में 99 करोड़ 74 लाख रुपए अनुमानित है।

### तकनीकी जांच के बाद मिलेगा काम

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी बिड के तहत संबंधित एजेंसियों के कागजात जांचे जा रहे हैं। एक सप्ताह बाद फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी। इस बिड के जरिए एजेंसियों की आर्थिक स्थिति जांची जाती है। इसके अलावा यह देखा जाता है कि अंडरपास बनाने के लिए एजेंसियों ने क्या-क्या रेट दिए हैं। नियमों के तहत जो एजेंसी सबसे कम लागत में अंडरपास बनाने को तैयार होती हैं, उसी को निर्माण कार्य का जिम्मा दिया जाता है।

### दोनों अंडरपास डायाफ्राम तकनीक से किया जाएगा निर्माण

इस बार बनाए जाने वाले अंडरपास में तकनीक का बदलाव किया गया है। 2020 के बाद एक्सप्रेस वे पर कोंडली, एड्वेंट और सेक्टर-96 अंडरपास बॉक्स पुशिंग तकनीक पर बनवाए गए थे। इसमें लगातार एक्सप्रेस वे की सड़क धंसने की समस्याएं सामने आई थीं। इसलिए अबकी बार अंडरपास निर्माण के लिए प्राधिकरण डायाफ्राम तकनीक का चयन किया है। इसमें बगैर खुदाई के डायाफ्राम वॉल कास्ट की जाएगी। इसके बाद दो तरफ जमीन के अंदर यह दीवार बनाकर उसके ऊपर अंडर पास की छत ढाल दी जाएगी। नीचे दोनों दीवारों व छत के बीच की मिट्टी खुदाई कर निकाली जाएगी। इसके बाद नीचे की सड़क का काम शुरू होगा। इसी तरह से दोनों लेन का काम प्राधिकरण करवाएगी। इसके कारण कुछ दिनों तक ट्रैफिक का संचालन प्रभावित रहेगा।

# ग्रेटर नोएडा में 2.2 करोड़ की सरकारी जमीन खाली कराई

### दलेलपुर में अवैध फार्म हाउस पर चला बुलडोजर, भारी पुलिस बल रहा मौजूद



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दलेलपुर गांव में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार शाम को तहसील प्रशासन और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया। कार्रवाई एसडीएम चारुल यादव के नेतृत्व में की गई। टीम में ओम प्रकाश पासवान, तहसीलदार सर्वे ज्योत्सना सिंह और नायब तहसीलदार सदर शामिल थे। राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने सरकारी जमीन पर अस्थाई फार्म हाउस बना रखे थे। प्रशासन ने पहले इन्हें नोटिस भेजा था। नोटिस के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद डीएम के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई में बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। विवाद की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि खाली कराई गई जमीन की कीमत करीब 2.2 करोड़ रुपये है।

# नोएडा में निर्माणाधीन एलिवेटेड पिलर से टकराई बस

## 6 कर्मचारी हुए घायल, बाइक को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

**नोएडा।** बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बुधवार रात कंपनी कर्मियों को लेकर जा रही बस बेकाबू होकर निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड के पिलर से टकरा गई। बस में सवार 20 में से करीब छह कर्मचारी घायल हो गए। जिन्हें सेक्टर-39 थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। मामूली रूप से घायल हुए अन्य यात्री अपने-अपने घर चले गए।

### निर्माणाधीन एलिवेटड के पिलर से टकराई

सूरजपुर स्थित एलजी कंपनी में बड़ी संख्या में कर्मचारी काम करते हैं। कर्मचारियों को घरों से कंपनी तक लाने और जे जाने के लिए बसें लगी हुई हैं। बुधवार रात करीब 8.30 बजे गांव बरौला की तरफ से सेक्टर-37 की ओर एक बस कर्मचारियों को लेकर जा रही थी। बस में करीब 20 कर्मचारी सवार थे। सेक्टर-42 स्थित अगाहपुर के निकट सामने से अचानक बाइक सवार आ गया। चालक हड़बड़ा गया



और बस बेकाबू होकर निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड के पिलर नंबर एक के निकट जा टकराई। हादसे के बाद बस में सवार कर्मचारियों में चीख-पुकार मच गई। बस की छत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोग बस में सवार लोगों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में सवार लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, बस में करीब 20 लोग सवार थे। हादसे में बस में सवार स्वर्णप्रभा, अक्षी, सुमन रावत, सीमा, शुभम और सचिन यादव घायल हुए। जिन्हें उपचार के लिए नजदीक के प्रयास अस्पताल पहुंचाया गया।

# अस्पतालों में उल्टी-दस्त और बुखार के मरीज बढ़े

**नोएडा।** प्रचंड गर्मी से गुरुवार को भी लोग परेशान रहे। लगातार चौथे दिन गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी ने रात और सुबह भी लोगों को परेशान में डाला। गर्मी से अस्पतालों में डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और बुखार के मरीज बढ़ गए। जिला अस्पताल के आपातकालीन विभाग में प्रत्येक दिन ऐसे 15-20 मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। वहीं ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या 300 से अधिक है। एसी नहीं चलने से भर्ती मरीजों को गर्मी परेशान कर रही है। अस्पताल चारों तरफ से शीशे से बंद हैं।खिड़कियां नहीं हैं। वार्डों में एसी भी नहीं है, जिससे उमस के कारण मरीज परेशान हैं। पंखे से गर्मी खत्म नहीं हो रही है। कई वार्डों के शीशे हटाए गए हैं। ताकि बाहर से हवा आ सके। नोएडा का अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान 30.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान रहा।

# नोएडा में सेप्टिक टैंक में गिरा 3 साल का बच्चा

## खेलते-खेलते गायब हो गया, 2 घंटे तक ढूंढने के बाद टैंक में उतराता मिला शव

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर कस्बे में सेप्टिक टैंक में डूबने से 3 साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चा खेलते-खेलते पड़ोस के निर्माणाधीन घर में चला गया था। जहां सेप्टिक टैंक खुला पड़ा था। बच्चा इसी में गिर गया। डूबने से उसकी मौत हो गई।

आरोप है कि पिछले काफी महीनों से सेप्टिक टैंक खुला हुआ था। लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों की तरफ से अभी कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर मामले में जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 2 घंटे से बच्चा गायब था

दनकौर कस्बे में धनौरी रोड पर रहने वाले मुस्तकीम के तीन बच्चे हैं। सबसे छोटा बेटा तैमूर(3) दोपहर में खेल रहा था। खेलते-खेलते वो अचानक गायब हो गया।

करीब 2 घंटे तक परिवार के लोग उसे तलाशते रहे। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। जिसके कुछ देर बाद परिवार के लोग उसको तलाशते हुए पड़ोस के एक व्यक्ति के निर्माणाधीन



मृतक बच्चा तैमूर



मकान में पहुंचे। जहां उन्होंने देखा कि सेप्टिक टैंक के पानी में उनका बच्चा पड़ा हुआ है। जिसके बाद उसको तुरंत निकालकर ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया।

### काफी महीनों से सेप्टिक टैंक खुला था

परिजनों का आरोप है कि सेप्टिक टैंक खुले होने की वजह से ही बच्चे की मौत हुई है। पिछले काफी महीनों से सेप्टिक टैंक खुला हुआ था। जिसमें करीब 7 फीट पानी भी भरा हुआ है। उसके बावजूद भी मकान मालिक ने उसको ऊपर से कवर नहीं किया था। उनके बच्चे की उसमें डूबने से मौत हुई है। मृतक बच्चे के ताऊ गुल मोहम्मद ने बताया कि एक कुत्ते के बच्चे के पीछे खेलते हुए उनका भतीजा सेप्टिक टैंक के पास तक पहुंच गया था। जिसमें वह डूब गया। करीब 2 घंटे बाद जब वह तलाशते हुए वहां पहुंचे तो वह उसमें पड़ा हुआ मिला। इस निर्माणाधीन मकान का काम कई महीनों से बंद पड़ा है। इस मकान के मालिक का निधन हो गया था। जिसके बाद से मकान का निर्माण कार्य रूका हुआ है। लेकिन कुछ इंतजाम करके मकान का एंट्रेस बंद करवाना चाहिए था। सेप्टिक टैंक को ढकवाना चाहिए। हमारा बच्चा तो मर गया। हम कैसे उसे वापस लाए। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि मृतक बच्चे के परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया है।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने 7 मिनट में पहुंचकर फंदे से उतारा

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने 7 मिनट में पहुंचकर फंदे पर लटके युवक को बचा लिया। युवक शराब के नशे में अंदर से कमरा बंद कर लिया था। पत्नी के कॉल करने पर टीम पहुंची थी। काफी खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला। इस पर पुलिस टीम दरवाजे को तोड़कर अंदर पहुंची। तो देखा कि युवक फंदे से लटका हुआ था। घटना बुधवार की है। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है। पुलिस कर्मियों ने युवक को फंदे से उतारकर सीपीआर दी। इसके बाद नजदीक के अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां इलाज के बाद युवक को डिस्चार्ज कर दिया गया। मामला सेक्टर-78 के महागुन सोसाइटी का है। बुधवार शाम 3 बजे करीब पीआरवी-6350 पर एक कॉल आई। फोन करने वाली महिला ने कहा- मैं महा गुन सोसाइटी से बोल रही हूं। मेरे पति ने खुद को कमरे में बंद कर लिया है। हमने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं दे रहे हैं। हमने खिड़की से झांका, तो वो पंखे से फंदा लगाते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने काफी शराब पी ली है। हमें डर है कि वो कुछ भी कर सकते हैं। प्लीज मदद करें, मेरे पति को बचा लें।

## नोएडा में बुजुर्ग पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के इमलिया गांव में एक बुजुर्ग पर घर में घुसकर हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। इमलिया गांव के रहने वाले टीटू ने पुलिस को बताया कि सोमवार की रात उनके पिता कमल घर में सो रहे थे। इसी दौरान पड़ोस के शेखर, चीकू और एक अन्य व्यक्ति ने घर में घुसकर रंजिश के चलते उनके पिता के साथ मारपीट की। पिता को बचाने पहुंचे टीटू के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की और उनकी गाड़ी को नुकसान पहुंचाया। ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर शेखर समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। गुरुवार को पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे के मुर्शदपुर कट के पास से आरोपी शेखर को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## किसान एकता संघ का राष्ट्रीय अधिवेशन

**जेवर।** किसान एकता संघ का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन हरिद्वार में आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा के दनकौर से सैकड़ों कार्यकर्ता बसों और अन्य वाहनों से हरिद्वार के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं की यात्रा यमुना एक्सप्रेसवे के सलारपुर अंडरपास से शुरू हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि इस अधिवेशन में देश भर से कार्यकर्ता शामिल होंगे। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करना है। तीन दिनों तक चलने वाले इस अधिवेशन में रोजाना किसानों की समस्याओं पर मीटिंग होगी। इस दौरान एक बड़े आंदोलन की रणनीति भी तैयार की जाएगी। यह अधिवेशन किसानों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

## नोएडा में 3 बच्चों की मां लापता

### पति ड्यूटी पर था, महिला घर से गायब; पुलिस ने दर्ज किया केस

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला की गुमशुदगी का मामला सामने आया है। सलारपुर गांव से 36 वर्षीय महिला 13 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला के पति ने बताया कि वह ड्यूटी पर गए हुए थे। जब वह घर लौटे तो उनके बच्चों ने बताया कि उनकी मां घर से चली गई है। एक महीने से परिवार महिला की तलाश कर रहा है। कोई सुराग नहीं मिलने पर पति ने गुरुवार को दनकौर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही लापता महिला का पता लगा लिया जाएगा। महिला के तीन बच्चे हैं, जो अब पिता की देखरेख में हैं।

## पेयजल की किल्लत से लोग परेशान

**नोएडा।** शहर में लोगों को पानी की किल्लत का भी सामना करना पड़ रहा है। गर्मी में पानी की किल्लत होने से लोगों को बाजार में बोतल बंद पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है। लोगों ने प्राधिकरण के जल विभाग से नियमित पानी की आपूर्ति की मांग की है। सेक्टर-71 के निवासी आशुतोष ने बताया कि पानी की पाइप लाइन में कार्य के चलते लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। ऐसे में लोगों को मांग के अनुसार पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग बाजार से बोतल बंद पानी लाने के लिए विवश हो रहे हैं।सेक्टर-105 में भी पानी की पाइन लाइन क्षतिग्रस्त होने की वजह से लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। गर्मी में पानी की मांग भी अधिक बढ़ जाती है। गर्मी का पानी का इस्तेमाल अधिक बढ़ जाता है। इसी तरह शहर के कई सेक्टर में पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है।

## प्रशासन को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा

**ग्रेटर नोएडा।** सड़क हादसे के मामले में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी की कोर्ट ने रिकवरी सर्टिफिकेट पर वसूली नहीं होने पर जिला प्रशासन को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इस प्रकरण में अगली सुनवाई 23 जून हो होगी। अधिवक्ता कृष्ण भाटी और सचिन भाटी ने बताया कि वर्ष 2013 में दादरी कोतवाली क्षेत्र के नंगला गांव में कार की टक्कर से बच्ची की मौत हो गई थी। इस हादसे को लेकर कार चालक के खिलाफ कोर्ट में वाद दायर किया गया था। इसके बाद वर्ष 2016 में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी ने कार चालक पर 2.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।कार चालक द्वारा जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर कोर्ट ने चालक के खिलाफ आरसी जारी की थी। कोर्ट के आदेश के बाद भी आरसी पर वसूली नहीं हो सकी है। इसके लिए चार बार नोटिस जारी किया जा चुका है। कोर्ट ने अब इस मामले में जिलाधिकारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

## सेक्टर में गंदे पानी की सप्लाई से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित सेक्टर तीन में रहने वाले लोग गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सेक्टर के लोगों का आरोप है कि गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई की जा रही है। प्राधिकरण से इसकी शिकायत की गई है। सेक्टर में रहने वाले दिनकर सिंह ने बताया कि पिछले कई दिन से गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई आ रही है। प्राधिकरण की लापरवाही की वजह से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा पानी के लिए मोटे बिल की वसूली की जाती है। इसके बावजूद भी लोगों को गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है।सेक्टर में गंदा पानी आने की वजह से घर में लगे आरओ भी खराब हो रहे हैं। प्राधिकरण से पानी की पाइपलाइन को बदलने की मांग की गई है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

## किसानों से जमीन खरीदकर डीजीसीए के नाम दर्ज की

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरें चरण में एमआरओ को स्थापित करने के लिए 1365 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया गया है। जिला प्रशासन ने किसानों से अधिग्रहीत 1181 हेक्टेयर जमीन का पैसा सीधे उनके बैंक खातों में स्थानांतरित करते हुए अर्जन की प्रक्रिया को पूरा कर लिया। वहीं, जिन किसानों ने मुआवजे के रूप में पैसा नहीं लिया था, उन किसानों को पैसा ट्रेजरी में भेजकर जमीन नागरिक उड्डयन विभाग के नाम की जा चुकी है। अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति बच्चू सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट के दूसरे चरण में दयानतपुर, रन्हेरा, कुरैब, करौली बांगर, बीरमपुर व मुढरह के किसानों से 1181 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण करते हुए कुल 1365 हेक्टेयर जमीन का अर्जन किया गया है।इसके एवज में 95 प्रतिशत किसानों के बैंक खातों में मुआवजा भेज दिया गया है। करीब 5 प्रतिशत किसानों ने मुआवज़ा लेने से मना कर दिया था। जिनमें से मुढरह, बीरमपुर व दयानतपुर के किसानों का मुआवजा राशि ट्रेजरी में जमा करा दी गई है। कुरैब करौली बांगर व रन्हेरा के बचे हुए किसानों का मुआवजा जमा कराने की तैयारी चल रही है। पूरी 1365 हेक्टेयर जमीन नागरिक उड्डयन विभाग के नाम दर्ज हो चुकी है। ज्यादातर जमीन पर किसानों से सहमति के आधार पर कब्जा प्राप्त करते हुए सीधे नोडल एजेंसी को सौंप दी गई है।

# झांसी में स्टील कारोबारी, पत्नी और बेटी की मौत

## एक्सयूवी डिवाइडर से टकराकर पलटी; एक घंटे तड़पा ड्राइवर, फिर दम तोड़ा

**झांसी।** झांसी में बेकाबू एक्सयूवी कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में स्टील कारोबारी, उनकी पत्नी, बेटी और ड्राइवर की मौत हो गई। उनके पिता, दो बेटे और एक बेटी गंभीर रूप से घायल हैं।

हादसा इतना दर्दनाक था कि कार बुरी तरह पिचक गई। कारोबारी का पूरा परिवार कार में फंस गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह परिवार को बाहर निकाला। ड्राइवर स्टीयरिंग और बोनट के बीच फंस गया था। वह एक घंटे तक तड़पता रहा। पुलिस ने जेसीबी बुलवाई। जेसीबी ने कार का गेट तोड़ा, तब जाकर ड्राइवर को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

परिवार सिद्धार्थनगर का रहने वाला है। बकरीद पर वह महाराष्ट्र से घर आया था। देर रात वापस जाते समय झांसी-कानपुर हाईवे पर खिल्ली गांव के पास यह हादसा हो गया।




### 91 की स्पीड में कार डिवाइड से टकराई

सिद्धार्थनगर निवासी उबैदुर रहमान महाराष्ट्र में स्टील कारोबारी हैं। बकरीद पर वह परिवार के साथ घर आए थे। बुधवार को पूरा परिवार एक्सयूवी 700 कार से महाराष्ट्र लौट रहा था। देर रात जब वे खिल्ली गांव के पास पहुंचे, तो कार का संतुलन बिगड़ गया।

कार की स्पीड 91 किमी प्रति घंटे के बीच थी, इसलिए ड्राइवर कार को कंट्रोल नहीं कर पाया। कार डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद पलट गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। राहगीर और आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और घायलों को निकालने की कोशिश की।

### 1 घंटे तक तड़पता रहा ड्राइवर, फिर दम तोड़ा

कड़ी मशक्कत के बाद कार को सीधा किया गया। इसके बाद कारोबारी के परिवार को बाहर निकाला गया। ड्राइवर स्टीयरिंग और बोनट के बीच फंस गया था। इसी बीच पुलिस एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को पास के सीएचसी में भिजवाया।

साथ ही ड्राइवर को निकालने के लिए जेसीबी भी बुलवाई गई। वह एक घंटे तक तड़पता रहा। जेसीबी ने कार का गेट तोड़ा, तब जाकर ड्राइवर आमिर (45) को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# सई नदी में दो किशोरों की डूबने से मौत: लखनऊ में मिला शव

**लखनऊ।** मोहनलालगंज इलाके में सई नदी में 2 किशोरों की डूबने से मौत हो गई। उनकी पहचान 15 वर्षीय रौनक और शिवा के रूप में हुई। दोनों उन्नाव जिले के असोहा थाना क्षेत्र के जबरेला गांव के रहने वाले थे। बुधवार को दोनों नहाने के दौरान नदी में डूब गए थे। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। गुरुवार सुबह मोहनलालगंज इलाके के ललूमर गांव के पास उनका शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जबरेला निवासी गोविंद प्रसाद लोधी के बेटे रौनक और अयोध्या प्रसाद उर्फ लाला साहू बेटे शिवा में अच्छी दोस्ती थी। दोनों अकसर साथ में रहते थे। बुधवार को दोनों अचानक गायब हो गए। दोनों के परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। गुरुवार सुबह ललूमर गांव के पास लोगों ने नदी में दो शव उतराता देखा। लोगों ने इसकी सूचना मोहनलालगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को बाहर निकाला। कपड़ों से उनकी पहचान शिवा और रौनक के रूप में हुई।

# एसपी ने किया साइबर थाने का निरीक्षण, दिए निर्देश



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा साइबर क्राइम थाना /साइबर सेल, ललितपुर तथा सीसीटीएनएस कार्यालय, ललितपुर का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, साइबर हेल्प हेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना आदि का निरीक्षण किया गया तथा कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना/साइबर हेल्प डेस्क पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं सुनकर उनका उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर क्राइम थाने में लम्वित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर समयबद्ध रुप से विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तो की नियमानुसार गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। साइबर क्राइम थाना/साइबर सेल तथा सीसीटीएनएस कार्यालय के विभिन्न पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त होने वाली शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । साइबर क्राइम थाना/साइबर सेल से सम्बन्धित अभिलेखों को अध्यावधिक करने व उचित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया। साइबर अपराधों से बचाव हेतु नियमित रुप से अभियान चलाकर शैक्षणिक संस्थानों/वित्तीय संस्थानों/सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बच्चों व लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करने व उसके बचाव हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

# कुशीनगर : बेटे को मैगी में जहर खिलाकर फंदे पर लटकाया

### कुशीनगर में पिता को जमीन नहीं बेचने दे रहा था; हत्या कर घर के बाहर बैठा रहा

**कुशीनगर।** कुशीनगर में पिता ने जमीन के लिए अपने 15 साल के बेटे को मार डाला। पहले मैगी में जहर खिलाया, फिर फंदे पर लटका दिया। बेटी ने भाई को लटका देखकर शोर मचाया, तो पिता बेटे को उतार कर खुद सीएचसी ले गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। मामला तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र का बुधवार देर रात का है। मृतक तौफीक (15) की दादी मदीना खातून ने बताया- मेरे बेटे मंसूर अंसारी ने 4 शादियां की हैं। 2 पत्नियों की मौत हो चुकी है। मेरी 2 बहुएं अभी हैं। एक बहू के 3 बेटियां फरीदा (20), आफरीन (12) और छोटी है। एक बेटा तौफीक था, जिसे मेरे बेटे मंसूर अंसारी ने मार डाला। तौफीक अभी कक्षा-9 में पढ़ता था।

मेरा बेटा घर की जमीन और खेत बेचना चाहता था। वह पहले भी 2 बीघा खेत बेच चुका था। इसके लिए तौफीक उसे मना करता था। इसके चलते आए दिन दोनों में झगड़ा होता था। मंसूर खेती का काम करता है। मैं अपनी बहू के साथ अलग रहती थी। मैं मजदूरी करके बच्चों को पालती थी। मंसूर को अपने बच्चों से भी कोई मतलब नहीं है। इनका खर्च भी वह नहीं देता है। वह अपनी दूसरी पत्नी के साथ रहता है। मदीना ने बताया कि तौफीक रात में गांव के चौराहे पर बने मकान में सोने गया था। वहीं मंसूर ने उसे मार डाला।

तौफीक की बड़ी बहन फरीदा ने बताया- बुधवार देर रात मैं फोन पर बात कर रही थी। तभी मैंने छोटी बहन की चीखने की आवाज सुनी। मैं उसके पास पहुंची, तो भाई फंदे लटकता दिखा। पिता घर के बाहर ही बैठे थे।

# कानपुर में 3 साल की रेप पीड़ित बच्ची की मौत

## प्राइवेट पार्ट पर चोट के 6 निशान; बांदा में पड़ोसी ने की थी वारदात

**कानपुर।** यूपी के बांदा की 3 साल की रेप पीड़िता की कानपुर में मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मासूम 7 दिन से मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती थी। मासूम के सिर, चेहरा, पेट और हाथ समेत पूरे शरीर पर 24 से ज्यादा चोट के निशान थे।

प्राइवेट पार्ट पर भी 6 चोट के निशान मिले। पहले कोमा में थी, फिर डीप कोमा में चली गई। पांच विभागों के विशेषज्ञों की टीम उसे बचाने में लगी रही। बुधवार को कार्डियक अरेस्ट के बाद उसकी सांसें थम गई।

उसे 3 जून की रात में कानपुर लाया गया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, बच्ची के यूरिन में इन्फेक्शन फैल गया था।

### टॉफी के बहाने बुलाया और दरिंदगी की

चिल्ला थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली मासूम बच्ची को 3 जून की शाम 4 बजे सुनील निषाद टॉफी का लालच देकर अपने घर ले गया था। वहां शराब पीने के बाद उसने बच्ची से हैवानियत की।



इसके बाद मरणासन्न हालत में उसे मछलियों के लिए रखे जाने वाले आइस बॉक्स में ठूंस दिया। साइकिल के करियर पर लादकर 6 किलोमीटर दूर पदार्थपुर के जंगल में फेंक आया। वहीं, घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने चिल्ला में बांदा कानपुर मार्ग जाम कर हंगामा किया। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज समेत पुलिस फोर्स और फोरेंसिक यूनिट पहुंची थी। रात तकरीबन 2 बजे परिजनों को समझा बुझाकर और न्याय का आश्वासन देकर जाम खत्म कराया था।

### खून से सने कपड़ों ने खोला राज

बच्ची के घर वाले मासूम को तलाश रहे थे। तभी शाम करीब 6 बजे जब सुनील घर लौटा तो उसके कपड़ों पर खून लगा था। गांव वालों के पूछने पर बोला- 'गिर गया था।' लेकिन, उसके शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं थे। संदेह हुआ तो ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। रात 9 बजे बच्ची के घरवाले थाने पहुंचे। शक के आधार पर सुनील को पकड़ा गया।

पुलिस जब उसके घर पहुंची तो मछली रखने वाले आइस बॉक्स में खून और मल के निशान मिले। कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना गुनाह कबूल कर बच्ची की लोकेशन बताई। पुलिस उसे लेकर जंगल पहुंची और झाड़ियों से मासूम को बरामद किया। रात 2:35 बजे बच्ची को जिला अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर देख 4:15 बजे मेडिकल कॉलेज और फिर 12 बजे कानपुर रेफर कर दिया गया था। वहीं, एसपी बांदा पलाश बंसल ने कहा, अब बच्ची की मौत के बाद हत्या की धारा जोड़ी जा रही है। आरोपी पर रासुका की कार्रवाई भी की जाएगी।

# देवर ने भाभी की गला दबाकर हत्या की

## हाथ-पैर तोड़कर लाश सूटकेस में भरी, गाजियाबाद में फेंकी; बोला-अच्छी नहीं थी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में सूटकेस में मिली लाश दिल्ली की महिला की निकली। महिला की हत्या उसके ससुर और 2 देवर ने की थी। शव को बाइक पर ले जाकर लोनी बॉर्डर इलाके में फेंका। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह उनको पसंद नहीं थी, इसलिए गला दबाकर मार डाला। हाथ-पैर तोड़कर शव को सूटकेस में पैक किया।



पुलिस ने घटनास्थल के 10 किमी के दायरे में लगे सीसीटीवी चेक किए। फुटेज में एक बाइक पर हरा सूटकेस लेकर जाते 2 लोग दिखे। बाइक के नंबर की जांच करते हुए पुलिस टीम दिल्ली में आरोपियों के घर पहुंची। तब पता चला कि सूटकेस में मिला शव उनकी बहू कविता का था। पुलिस ने देवर और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर 2 लोग बैठे दिखे। पीछे बैठे शख्स के पास वैसा ही हरा सूटकेस दिखा, जैसा क्राइम स्पॉट पर मिला है। दोनों ने सफेद चादर में सूटकेस को लपेटा था। ये दोनों दिल्ली की तरफ से आए थे। मंगलवार सुबह 3 बजकर 2 मिनट पर सूटकेस को नहर की पटरी पर फेंका गया।

उसके बाद दोनों वापस दिल्ली की तरफ चले गए। यह स्पॉट दिल्ली बॉर्डर से सिर्फ 2 दूर है। दिल्ली में गाजियाबाद पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर 10 किलोमीटर के दायरे में बाइक को ट्रेस किया। बाइक के नंबर के आधार पर आरोपियों के घर पहुंची।

### लाश छुपाने के लिए 2 घंटे इंतजार किया

पुलिस ने बताया कि कविता का पति सागर ईंट भट्टे पर काम करता है। कविता (26 साल) पंजाब की रहने वाली है। जहां दिल्ली के करावल नगर में उसकी ससुराल है। पति जब काम पर चला जाता था तो घर में देवर और ससुर परेशान करते थे। कविता उन्हें अच्छी नहीं लगती थी। उसका घर पर रहना भी उन्हें पसंद नहीं था।

# प्रेमी ने गला रेता, कांस्टेबल ने खून देकर बचाई जान

**महराजगंज।** महराजगंज में प्रेमी ने प्रेमिका का चाकू से गला रेत दिया। इसके बाद महिला को मरा हुआ समझ कर जंगल में छोड़कर फरार हो गया। महिला लहूलुहान हालत में तड़प रही थी। उसी समय बाइक से पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने जंगल से चीख सुनी। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह और सिपाही संदीप गौतम जंगल में गए तो महिला लहूलुहान पड़ी हुई थी, गले से खून की धार बह रही थी। बिना देरी करते हुए सिपाही संदीप ने महिला को कंधे पर लादा और भागते हुए बाइक तक पहुंचे। बनकटी जिला अस्पताल ले गए। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। एम्बुलेंस न मिलने पर बाइक से ही महिला को लेकर 61 किलोमीटर दूर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। महिला का काफी खून बह चुका था। डॉक्टरों ने ब्लड लाने को कहा तो कॉन्स्टेबल संदीप गौतम ने बिना देर किए खुद रक्तदान किया।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया



**ललितपुर।** माननीय नरेन्द्र कुमार झा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के निर्देशानुसार मयंक जायसवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प0 दीनदयाल वृद्धाआश्रम, रामनगर, ललितपुर में 11.06.2025 विश्व बुज़ुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। मयंक जायसवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , ललितपुर, अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी, नन्दलाल जिला प्रोबेशन अधिकारी, संजय कुमार श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी ललितपुर, शुभान्शु सोनकर, जिला दिव्यागंजन अधिकारी ललितपुर द्वारा बुजुर्ग हमारे समाज की नींव होते हैं। उनके अनुभव, उनके संस्कार और उनका मार्गदर्शन हमें सही राह दिखाते हैं। लेकिन आज, जब उन्हें सबसे ज़्यादा हमारी ज़रूरत है, तब वे उपेक्षा और दुर्व्यवहार का शिकार हो रहे हैं कभी मानसिक रूप से, कभी भावनात्मक रूप से, और कई बार शारीरिक व आर्थिक रूप से भी। यह सिर्फ एक पारिवारिक मुद्दा नहीं है, यह एक सामाजिक समस्या है। और यह हम सभी की ज़िम्मेदारी बनती है कि हम इस पर ध्यान दें, आवाज़ उठाएँ, और बुज़ुर्गों को वह सम्मान और सुरक्षा दें जिसके वे पूर्ण रूप से हकदार हैं।

# बुलंदशहर में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर में गुरुवार शाम पुरानी रंजिश के चलते 28 वर्षीय शादाब की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक के सीने में आरोपियों ने ताबड़तोड़ वार किए। हमले के दौरान बीच-बचाव को आये नईम नामक युवक को भी चाकू मार दिया गया। जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना खुर्जा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खीरखानी की है। शादाब मंगलवार देर शाम अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। इसी दौरान घात लगाए 5 से 6 की संख्या में आए हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने शादाब की छाती में चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी। बीच-बचाव करने आए स्थानीय युवक नईम पर भी आरोपियों ने चाकू से वार किया। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, मृतक और आरोपी पक्ष के बीच बच्चों के विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। जानकारी यह भी सामने आई है कि इससे पहले भी शादाब पर जानलेवा हमला किया गया था, लेकिन पुलिस ने उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। बुर्ज उस्मान चौकी पुलिस पर पीड़ित पक्ष ने लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि यदि पूर्व में हुई शिकायतों पर उचित कार्रवाई की गई होती तो आज शादाब की जान बच सकती थी। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि ढाई माह पहले विवाद हुआ था। इरशाद ने बताया कि ढाई महा पहले मोहल्ले में खेल रहे बच्चों को लेकर विवाद हुआ था।

# कानपुर में तीन मंजिला इमारत में आग लगी


**कानपुर।** कानपुर में किराना गोदाम में आग लग गई। बुधवार रात करीब 10 बजे बेसमेंट में बने गोदाम में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से आग लगी। तेज धमाकों के साथ लपटों ने गोदाम के साथ-साथ दुकान के ऊपर बनी तीन मंजिला इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। पहली मंजिल पर रहे दुकान मालिक और उनके परिवार के 9 सदस्यों ने भागकर जान बचाई। सभी नंगे पैर बाहर निकले। सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने दुकान का शटर तोड़कर बेसमेंट में पानी पहुंचाया। गोदाम में रखे देशी घी, रिफाइंड और तेल के संपर्क में जैसे आग आई, भड़क उठी। लपटें तेजी से फैलीं।

# कुशीनगर में युवक की गला रेतकर हत्या

## घटना स्थल से घसीटकर 100 मीटर दूर फेंका शव, मां का आरोप- गांव की महिला ने मार डाला

**कुशीनगर, हाटा।** कुशीनगर में एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका शव घटना स्थल से 100 मीटर दूर कब्रिस्तान में मिला। 100 मीटर तक घसीटने और खून के निशान मिले हैं। मां का आरोप है कि युवक का गांव की ही एक विधवा महिला से अवैध संबंध था, उसने अपने बेटों के साथ मिलकर हत्या की है। घटना अहिरौली थाना क्षेत्र के पिपरही गांव की है।

गुरुवार को पिपरही गांव में मजार के पास ग्रामीणों को खून के धब्बे दिखाई दिए। ग्रामीणों ने खून के निशान का पीछा किया। मजार से 100 मीटर दूर गांव के बाहर बने कब्रिस्तान की झाड़ी में सत्तार का खून से लतपथ शव मिला। खून को देखकर ग्रामीणों ने कहा कि पहले उसे मजार के पास मारा गया फिर वहां से घसीटकर शव को यहां फेंका गया है।




ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों और परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। फिर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सत्तार अली हैदराबाद में नौकरी करता था। वह 15 दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। सत्तार की मां सलमा खातून ने बताया कि उसका गांव की ही एक विधवा महिला से अवैध संबंध था। सत्तार हमेशा फोन पर उससे बात करता था। उसी ने अपने तीनों बेटों के साथ मिलकर सत्तार को मारा है। उसी महिला के चक्कर में वह अपनी पत्नी और बच्चों पर ध्यान नहीं देता था। जो भी कमाता था, उसी महिला को दे देता था।

# शार्ट न्यूज

## जिला कृषि अधिकारी ने विभिन्न बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

विशाल इंडिया संवाददाता

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि कृषकों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए जनपद के विभिन्न बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मै0 गंगवार कृषक सेवा केन्द्र मिलक, मै0 आई.एफ.एफ.डी.सी. रोरा कलां, मै0 हरि एग्रो एजेंसी, मिलक, मै0 विपुल खाद भण्डार मिलक, मै0 शीतल फर्टीलाइजर्स धामोरा, मै0 राज सीड्स धमौरा एवं मै0 श्री राम एग्री जंक्शन धमौरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बीज के 09 नमूना ग्रहीत किये गये। ग्रहीत नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि बीज खरीदते समय विक्रेता से पक्का बिल अवश्य लें।

## पुलिस ने एक बार फिर लौटाई मुस्कान, गुम हुए 5 मोबाइल फोन को उनके मालिकों को सौंपे

**ललितपुर।** जाखौरा पुलिस की टीम ने लोगों के गुम हुए 5 मोबाइल फोन वापस लौटाए तो फोन मालिकों की खुशी का ठिकाना नही रहा। फोन वापस मिलने पर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। लौटाए गए मोबाइल फोन की कीमत 60000 हजार रुपये बताई गई है, जिसमे अलग अलग कंपनी के मोबाइल शामिल है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में थाना जखौरा पुलिस द्वारा थाना जखौरा क्षेत्रान्तर्गत गिरे/खोये हुए मोबाइल के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे, जिसके संबंध में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। थाना जखौरा पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर आवेदक के प्रपत्रों को अपलोड करके, मोबाइल के IMEI नम्बरों को रन कराया गया था । विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त तकनीकी डेटा का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 05 गिरे हुए/खोये हुए मोबाइलों को बरामद कर उनके स्वामियों को नियमानुसार सुपुर्द किया गया ।

## पुलिस ने पांच वारंटियों को दबोचा

**ललितपुर।** पुलिस टीम ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने दबिश दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ललितपुर एंव क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 05 वारन्टी मुकेश पुत्र जालू, जगदीश पुत्र जालू निवासीगण कल्यानपुरा थाना-कोतवाली रहीस भोला पुत्र स्व0 प्रानसिंह यादव निवीस कंचनपुरा टपरियन, थाना-कोतवाली अजय पुत्र जानकी प्रसाद निवासी मुहल्ला छपराई दैलवारा, थाना-कोतवाली दीपक उर्फ गनेश पंथ पुत्र प्यारेलाल निवासी गांधीनगर नई वस्ती, थाना-कोतवाली ललितपुर को गिरफ्तार कर सम्बंधित माननीय न्यायालय पेश किया गया । गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी उ.नि. आलोक सिंह उ.नि. अजहर इशरत उ.नि. नरेन्द्र सिंह का. नरेश कुमार का. सौरभ त्रिपाठी का. मनीष कुमार आदि शामिल रहे।

## हाइवे पर पत्नी और प्रेमी ने पति को पीटा

**कन्नौज।** कन्नौज में हाईवे पर पति को धोखा देकर भाग रही महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की पिटाई कर दी। तमाशा देखकर हाईवे पर भीड़ लग गई। उधर से निकल रहे ट्रैफिक इंचार्ज ने सड़क पर भीड़ लगी देखी तो रुक गए। मामले को समझने के बाद उन्होंने महिला और उसके प्रेमी को पुलिस के हवाले कर दिया। मामला जसोदा-जलालाबाद के बीच लिली कोल्ड स्टोरेज के पास का है। जहां प्रेमी के साथ भाग रही पत्नी को रोकने का प्रयास करने पर दोनों ने पति की धुनाई कर दी। हाइवे पर मारपीट होती देख भीड़ लग गई। इस दौरान गुरसहायगंज की ओर जा रहे ट्रैफिक इंचार्ज आफाक खान ने हाइवे पर भीड़ देखी तो कार रुकवाकर वहां पहुंच गए। पूछने पर युवक ने बताया कि उसे धोखा देकर पत्नी अपने प्रेमी के साथ भाग रही थी। जिसे घेरकर रोक लिया तो उन दोनों ने पिटाई कर दी। इसके बाद ट्रैफिक इंचार्ज ने जसोदा चौकी पुलिस को फोन कर के बुला लिया और महिला व उसके प्रेमी को पुलिस के हवाले कर दिया। पति ने कार्रवाई के लिए गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

## प्रयागराज में वकीलों की हड़ताल का दूसरा दिन

**प्रयागराज।** प्रयागराज में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में अधिवक्ताओं का आक्रोश दूसरे दिन भी जारी है। गुरुवार को अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया। उन्होंने कचहरी की सड़कों पर चैंबर का मलबा रखकर जाम लगाया। जिला अधिवक्ता संघ के आसपास सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना वकालत चैंबर तोड़ना गैरकानूनी है। यह अधिवक्ताओं के पेशेवर अधिकारों का उल्लंघन है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने कार्रवाई को दुर्भावनापूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी और चैंबरों का पुनर्निर्माण नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि मांगें न मानने पर आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियमानुसार की गई है। किसी के साथ भेदभाव नहीं किया गया है। ऑप्शनल पार्किंग और चैंबर की व्यवस्था के लिए सुझाव मांगे गए हैं। न्यायालय परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बातचीत से समाधान की कोशिशें जारी हैं, लेकिन अधिवक्ताओं का रुख अभी नरम नहीं पड़ा है।

## 55 साल की मंदबुद्धि महिला से गैंगरेप

**गोरखपुर।** गोरखपुर में एक 55 साल की मंदबुद्धि महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। महिला बुधवार की देर शाम खेत की तरफ गई थी। तभी गांव के ही तीन युवकों ने उसे अकेला पाकर पकड़ लिया और फिर बारी-बारी से उसके साथ दरिंदगी की। महिला की चीख सुनकर जब पड़ोस की एक महिला उस तरफ दौड़ी तो आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गए। महिला पीड़िता को अपने घर ले आई और फिर इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। घटना बेलघाट इलाके के एक गांव की है। परिजनों के पहुंचने पर महिला ने आपबीती बताई। इसके बाद महिला ने इसकी सूचना पुलिस को दी। गैंगरेप की सूचना पर एसपी क्राइम सुधीर जायसवाल, सीओ उदय प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष विकास नाथ घटनास्थल पर पहुंच गए। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने इस मामले में गोलू, बबलू और गप्पा के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर तीनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वहीं, महिला को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

## मां की पिटाई देख बच्ची कुएं में कूदी

**बांदा।** बांदा में 10 साल की मासूम ने कुएं में कूदकर जान दे दी। उसने मां को पिता से पिटते हुए देखा। इसके बाद पिता को रोकने लगी। मगर वो बेटी के रोकने पर भी नहीं माना। पत्नी को लगातार पीटता रहा। बच्ची यह बोलते हुए बाहर दौड़ी कि अगर मां को मारा तो जान दे दूंगी। फिर घर के सामने बने कुएं में कूद गई। बेटी की कूदने की आवाज सुनकर उसकी मां भी चिल्लाते हुए कुएं की ओर दौड़ी। पड़ोस के लोग भी उसे बचाने भागे। ग्रामीणों ने घंटों की मशक्कत के बाद बच्ची को कुएं से निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के मवई बुजुर्ग गांव की गुरुवार की है। पुलिस ने बच्ची की मां और बहन के बयान दर्ज किए हैं। मृतक अंजना (10) की मां चंपा ने बताया कि मेरी बेटी बीमार चल रही थी। कल ही उसे अस्पताल से घर लाए थे। आज सुबह उसे नहलाया, खाना खिलाया और पूजा-पाठ भी की। इतनी ही देर में तभी मेरा पति आ गया। उसने मुझे पीटना शुरू कर दिया। अंजना ने जब यह देखा तो बहुत घबरा गई और रोते हुए बोली- पापा, मम्मी को मत मारो, नहीं तो मैं कुएं में कूद जाऊंगी। लेकिन वो नहीं माना। हाथ में हंसिया उठाकर मुझे मारने दौड़ा। यह देखकर अंजना दौड़ती हुई बाहर गई। वह मेरे सामने ही कुएं में कूद गई।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 13 जून 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीस की संसद से तीन कट्टरपंथी सांसद निष्कासित, अपराधी नेता से जुड़े होने का आरोप

**एथेंस, एजेंसी।** ग्रीस में संसद ने मंगलवार को तीन कट्टरपंथी सांसदों को संसद से बाहर कर दिया। इन पर आरोप है कि इन्होंने ऐसे नेता के साथ संबंध बनाए रखे, जिसे एक आपराधिक संगठन का नेतृत्व करने के आरोप में पहले ही जेल की सजा हो चुकी है। कोर्ट ने पाया कि स्पार्टन्स पार्टी के नेता वासिलिस स्टिगास और दो अन्य सांसदों ने 2023 के आम चुनाव में मतदाताओं को गुमराह किया। इन तीनों को उस व्यक्ति का प्रॉक्सी माना गया, जो पहले गोल्डन डॉन नामक एक नव–नाज़ी विचारधारा वाली पार्टी से जुड़ा था और जिसे 2020 में 13 साल की जेल की सजा हुई थी। उस पर प्रवासियों और राजनीतिक विरोधियों पर हमले करवाने का आरोप था। ग्रीस की रूढ़िवादी सरकार ने इस फैसले का समर्थन किया है। अब संसद में कुल सीटें 300 से घटकर 297 रह जाएंगी। साथ ही, कानून पास कराने के लिए जरूरी बहुमत भी 151 से घटकर 149 हो गया है।

### ईरान में आईएस के नौ आतंकियों को दी गई फांसी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह को नौ आतंकवादियों को फांसी पर चढ़ा दिया गया है। ईरान की न्यायपालिका की मिजान समाचार एजेंसी ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की है। ईरान का कहना है कि उसने 2018 के हमले के बाद हिरासत में लिए गए आईएस के नौ आतंकियों को फांसी दे दी है। आतंकवादियों को ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के साथ झड़प में पकड़ा गया था।

### केन्या में 28 भारतीय पर्यटकों से भरी बस खाई में गिरी, पांच की गई जान

**नैरोबी, एजेंसी।** कतर में घूमने गए 28 भारतीय पर्यटकों की बस केन्या में खाई में गिर गई। हादसे में पांच भारतीयों की मौत हो गई। ये सभी कतर में रहते थे और यहां छुट्टियां मनाने आए थे। हादसा न्यांदारुआ काउंटी में ओल जोरोरोक–नाकुरू रोड पर हुआ। हादसे में घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सभी दक्षिण भारतीय थे और कतर में रह रहे थे। दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण हादसे के बाद नैरोबी स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। कतर स्थित भारतीय मिशन ने बताया कि वह दोहा में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय समुदाय कल्याण फोरम व अन्य समुदाय समूहों के संपर्क में है।

### पुलिस स्टेशनों के बाहर हुए बम विस्फोट में चार लोगों की मौत

**बोगोटा, एजेंसी।** दक्षिण–पश्चिमी कोलंबिया में विद्रोही समूहों द्वारा कैली शहर और पड़ोसी काउका प्रांत में पुलिस स्टेशनों के बाहर हुए कई बम विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई। सैन्य और पुलिस प्रवक्ता ने इन हमलों के लिए स्व्त्रष्ट–श्वस्ष्ट को दोषी ठहराया है। अधिकारियों ने बताया कि विद्रोहियों ने पुलिस स्टेशनों के पास खड़ी कारों और मोटरसाइकिलों में बम रखे थे। बता दें कि पुलिस स्टेशनों पर हमले से कुछ दिन पहले ही राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को बोगोटा में एक रैली के दौरान गोली मारी गई थी।

### थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री और सैन्य कमांडर सुचिंदा क्रापरायून का निधन

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख रहे सुचिंदा क्रापरायून का मंगलवार को 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी मौत की जानकारी थाईलैंड की सरकारी समाचार एजेंसी ने दी। बता दें कि सुचिंदा 1992 में थाईलैंड के प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन उनका कार्यकाल महज सात हफ्तों का ही रहा। वे एक सैन्य तख्तापलट के बाद सत्ता में आए और उनके प्रधानमंत्री बनने को गैर–लोकतांत्रिक बताया गया, जिससे देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।

### भ्रष्टाचार मामले में अर्जेंटीना की पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज को 6 साल की सजा बरकरार

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना की सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश की पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज डी किर्शनेर को भ्रष्टाचार के मामले में सुनाई गई छह साल की जेल की सजा को बरकरार रखा है।क्रिस्टीना ने इस फैसले की समीक्षा की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इस फैसले के चलते अब वे सितंबर में राजधानी से होने वाले चुनाव में हिस्सा नहीं ले सकेंगी, जहां वे विधायिका की सीट के लिए उम्मीदवार बनना चाहती थीं।

### इजराइल ने ग्रेटा समेत 4 कार्यकर्ताओं को रिहा किया : अब भी हिरासत में 8 लोग

तेल अवीव, एजेंसी। इजराइल ने स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग समेत 4 लोगों को मंगलवार को रिहा कर दिया। ये सभी इजराइल के बेन गुरियन एयरपोर्ट से फ्रांस रवाना हो गए। हालांकि, अभी भी 8 लोग इजराइल की हिरासत में हैं। इनमें रीमा हसन समेत बाकी लोग शामिल हैं। इन सभी के नाम अभी तक सामने नहीं आए हैं। इजराइली सेना ने 9 जून को गाजा के लिए राहत सामग्री लेकर जा रहे मैडलीन जहाज पर छापा मारकर स्पेन, फ्रांस, स्वीडन और तुर्की के 12 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया था। इजराइल ने इन सभी को ऑप्शन दिया था कि वे चाहें तो डिपोर्टेशन कागज (रिहाई के दस्तावेज) पर साइन करके घर लौट सकते हैं।

# हिरासत में लिए गए दुनिया के सबसे बड़े टिकटॉक स्टार खाबी लेम, छोड़ना पड़ा अमेरिका

**लास वेगास, एजेंसी।** दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले टिकटॉक स्टार खाबी लेम ने अमेरिका छोड़ दिया है। उनको अमेरिका में इमिग्रेशन और कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) ने हिरासत में लिया था, जिसके बाद उन्होंने स्वेच्छा से देश छोड़ दिया। सेनेगल में जन्मे और इटली के नागरिक खाबी लेम का असली नाम सेरिंगे खाबाने लामे है। उनको 6 जून को लास वेगास के हैरी रीड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया था। आईसीई के प्रवक्ता के अनुसार, लामे ने अपने वीजा की शर्तों का उल्लंघन किया था, क्योंकि वे 30 अप्रैल को अमेरिका आए थे और निर्धारित समय से अधिक रुके थे।



**क्या हुआ था :** आईसीई के एक प्रवक्ता ने बयान में बताया, यूएस इमिग्रेशन और कस्टम्स एनफोर्समेंट ने 6 जून को 25 वर्षीय इटली के नागरिक सेरिंगे खाबाने लामे को लास वेगास, नेवाडा के हैरी रीड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन उल्लंघन के लिए हिरासत में लिया। लामे 30 अप्रैल को अमेरिका आए थे और अपने वीजा की अवधि से अधिक समय तक रुके। लामे को उसी दिन स्वैच्छिक प्रस्थान की अनुमति दी गई, जिसके तहत उन्हें बिना औपचारिक निर्वासन आदेश के देश छोड़ने की इजाजत मिली। यह प्रक्रिया किसी व्यक्ति को निर्वासन के रिकॉर्ड से बचने और भविष्य में कानूनी रूप से अमेरिका लौटने की संभावना बनाए रखने की अनुमति देती है।

**खाबी लेम कौन हैं :** खाबी लेम के टिकटॉक पर 162 मिलियन (16.2 करोड़) से अधिक फॉलोअर्स हैं। वह दुनिया के सबसे लोकप्रिय टिकटॉक स्टार हैं। वे अपने मजेदार और बिना शब्दों वाले वीडियो के लिए जाने जाते हैं, जिनमें वे जटिल लाइफ हैक वीडियो का मजाक उड़ाते हैं और अपनी सिग्नेचर बॉडी लैंग्वेज और चेहरे के हाव-भाव से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। सेनेगल में 9 मार्च 2000 को जन्मे खाबी लेम एक साल की उम्र में अपने परिवार के साथ इटली के चिवासो चले गए थे। 2022 में उन्हें इटली की नागरिकता मिली। लेम ने कोविड-19 महामारी के दौरान टिकटॉक पर वीडियो बनाना शुरू किया, जब मार्च 2020 में उनकी फैक्ट्री की नौकरी छूट गई थी। उनके वीडियो, जो बिना संवाद के हास्य और व्यंग्य से भरे होते हैं, उन्होंने जल्द ही वैश्विक लोकप्रियता हासिल की। जून 2022 में उन्होंने चार्ली डी'अमेलियो को पछाड़कर टिकटॉक पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले क्रिएटर का खिताब हासिल किया और तब से यह स्थान बरकरार रखा है।

**सोशल मीडिया और ब्रांड्स के साथ सहयोग :** लामे ने अपनी लोकप्रियता का लाभ उठाकर कई बड़े ब्रांड्स के साथ साझेदारी की है, जिनमें फॉर्च्यून, सोनी पिक्चर्स, वॉलमार्ट, गूगल, स्टेट फार्म और पेप्सी शामिल हैं। फोर्ब्स के अनुसार, 2022 से 2023 के बीच उन्होंने ब्रांड डील्स से लगभग 16.5 मिलियन डॉलर कमाए। इसके अलावा, वे 2022 में कान्स फिल्म फेस्टिवल में टिकटॉक शॉर्ट्स के जज, 2023 में इटालिया गॉट टैलेंट के जज रहे और 2024 में फिल्म बैड बॉयज : राइड ऑर डाई में कैमियो रोल में नजर आए।

**आईसीई की कार्रवाई और ट्रंप की नीतियां :** लेम की हिरासत उस समय हुई, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई सरकार ने आप्रवासन पर सख्ती बढ़ा दी है। ट्रंप ने अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान शुरू किया है, जिसके तहत आईसीई ने पूरे अमेरिका में छापेमारी की है। लॉस एंजिल्स में हाल ही में हुई आईसीई की छापेमारी ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन को जन्म दिया, जहां प्रदर्शनकारियों ने हम नहीं जाएंगे और हम यहां विरोध करने आए हैं।

### 15 साल के किशोर ने मारी थी राष्ट्रपति उम्मीदवार को गोली, उरीबे पर हमला मामले में पुलिस का दावा

**बोगोटा, एजेंसी।** कोलंबिया में बीते शनिवार को कंजर्वेटिव उम्मीदवार मिगुएल उरीबे टर्बे पर जानलेवा हमले मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। मामले में पुलिस ने 15 साल के एक किशोर पर उरीबे की हत्या की कोशिश का आरोप लगाया गया है। बता दें कि उरीबे को इस सप्ताहांत बोगोटा शहर के एक चुनावी रैली के दौरान सिर में गोली मारी गई थी। वे इस समय गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। अधिकारियों के अनुसार, हमले के बाद किशोर को बंदूक के साथ भागते हुए पकड़ा गया। हालांकि, अदालत में उसने खुद को निर्दोष बताया है। किशोर को भी गोली लगी थी और फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। ठीक होने के बाद उसे किशोर सुधार गृह भेजा जाएगा। कोलंबिया के कानूनों के अनुसार, नाबालिग अपराधियों को अपेक्षाकृत कम सजा मिलती है। किशोर को अधिकतम 8 साल तक की हिरासत हो सकती है। शनिवार को हुई इस घटना के बाद देशभर में आक्रोश का माहौल है। जहां लोग इसे लोकतंत्र पर हमला बताते हुए अपनी नाराजगी जता रहें है। इतना ही नहीं कुछ लोगों ने इस घटना की तुलना कोलंबिया के हिंसक राजनीतिक अतीत से की जा रही है। देश ने 20वीं सदी के अंत में लुइस कार्लोस गैलन और कार्लोस पिजारो सहित कई हाई-प्रोफाइल राजनीतिक हस्तियों की हत्याओं को झेला है।

### इस्त्राइली नौसेना ने पहली बार यमन में किया हमला, हूतियों की सप्लाई चेन काटने की कोशिश



**तेल अवीव , एजेंसी।** इस्त्राइली नौसेना ने पहली बार यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला किया। यह हमला यमन के पोत शहर होदेइदा में किया गया। इससे पहले मंगलवार की सुबह इस्त्राइली वायुसेना ने भी होदेइदा में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। अब नौसेना द्वारा भी होदेइदा को निशाना बनाया गया। होदेइदा शहर पर हूतियों का कब्जा है और माना जाता है कि यमन में राशन और अन्य जरूरी सामान की सप्लाई के लिए होदेइदा काफी अहम है। आरोप है कि होदेइदा से ही हूतियों को हथियारों की सप्लाई होती है। ऐसे में इस्त्राइली नौसेना के हमले में हूतियों की सप्लाई चेन काटने की कोशिश की गई।

**अमेरिका ने भी बीते दिनों किए थे यमन पर हमले :** हमले में होदेइदा को काफी नुकसान हुआ है। होदेइदा से होने वाली हथियारों की कथित सप्लाई संयुक्त राष्ट्र की पकड़ में भी नहीं आ पा रही थी। मंगलवार सुबह को हूतियों ने भी एक बार फिर इस्त्राइल पर मिसाइल हमला किया था। हालांकि इस्त्राइल के एयर डिफेंस ने मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया। इससे पहले अप्रैल में अमेरिका ने भी यमन के हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे, जिनमें 74 लोग मारे गए थे। अब इस्त्राइल द्वारा हूतियों पर हमले किए जा रहे हैं। इस्त्राइल ने हूतियों को चेतावनी भी दी है कि अगर वे आगे भी इस्त्राइल पर हमले जारी रखते हैं तो इस्त्राइल द्वारा फिर मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस्त्राइली रक्षा मंत्री ने यमन का हवाई और समुद्री तौर पर ब्लॉक करने की धमकी दी।

### जारी रहेगा ट्रंप का टैरिफ, कोर्ट ने दी इजाजत; भारत समेत अन्य देशों पर लगाया था तगड़ा टैक्स

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मंगलवार को अमेरिका की एक संघीय अपील अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के प्रभावी रहने की मंजूरी दे दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने बीते 2 अप्रैल को भारत, चीन और यूरोपीय संघ सहित दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं पर व्यापक रूप से आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी। फिलहाल इन टैरिफ को जारी रखने की इजाजत दे दी गई है। इससे पहले निचली अदालत ने ट्रंप के इस फैसले पर रोक लगाते हुए कहा था कि ट्रंप ने इन्हें लागू करने के लिए अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी अदालत के इस फैसले का मतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप अभी के लिए अधिकांश देशों से लिबरेशन डे पर लगाए गए टैक्स को जारी रख सकते हैं। कोर्ट इस बात की जांच कर रही है कि टैरिफ लगाने के लिए जिन आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम का हवाला ट्रंप ने दिया है, वह उचित है या नहीं। इससे पहले ट्रंप ने अपने ऐलान के बाद परस्पर शुल्क पर 90 दिनों की रोक लगाने की घोषणा की थी। कोर्ट का यह फैसला इस अवधि के खत्म होने से एक महीने पहले आया है। जानकारों के मुताबिक 9 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति कई देशों के लिए टैरिफ दरों में भारी बढ़ोतरी कर सकते हैं।

# अमेरिका हिंसा- 12 राज्यों के 25 शहरों में प्रदर्शन : लॉस एंजिलिस में शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में 5 दिनों से जारी प्रदर्शन के कारण शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। लॉस एंजिलिस की मेयर कैरन बैस ने इमरजेंसी की घोषणा की है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के फैसले के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन अमेरिका के 12 राज्यों के 25 शहरों तक फैल चुका है। सैन फ्रांसिस्को, डलास, ऑस्टिन, टेक्सास और न्यूयॉर्क जैसे शहरों में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। हालात पर काबू पाने के लिए ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में 4 हजार नेशनल गार्ड के अलावा 700 मरीन कमांडो को भी तैनात कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालात खराब हो रहे हैं। जरूरत पड़ने पर वे पूरी ताकत से निपटेंगे। वहीं, सोमवार-मंगलवार को लॉस एंजिलिस पुलिस ने करीब 1100 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया।

ट्रम्प बोले- जरूरत पड़ने पर सैन्य बल का इस्तेमाल करूंगा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर लॉस एंजिलिस में हिंसा जारी रही तो वे पूरे शहर में विद्रोह कानून लागू कर सकते हैं। यह कानून सरकार को हिंसा रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करने की इजाजत देता है। ट्रम्प ने कहा, पिछले 2 दिन से हालात बेहद बिगड़ रहे हैं, अगर बगावत



हुई तो मैं जरूर विद्रोह कानून लागू करूंगा। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में होने वाली आर्मी परेड के दौरान प्रदर्शन को लेकर भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रदर्शन करता है तो उसे सेना का सामना करना पड़ेगा। 14 जून को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ और ट्रम्प का 79वां जन्मदिन भी है। इस हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। यह हिंसक प्रदर्शन अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के फैसले के खिलाफ हो रहे हैं। फिलहाल लॉस एंजिलिस में हिंसा थमती नजर आ रही है। ट्रम्प की पार्टी का आरोप-प्रदर्शनकारियों को डेमोक्रेट और चीन पैसे दे रहे ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ने लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनों को लेकर डेमोक्रेट नेताओं और चीन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रिपब्लिकन सांसद बिल एसेयली ने एक पोस्ट में लिखा- इन प्रदर्शनों की फंडिंग डेमोक्रेट समर्थित संगठनों और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ी संस्थाओं द्वारा की जा रही है।

## ट्रम्प ने नेतन्याहू से गाजा जंग खत्म करने को कहा : ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले को मंजूरी नहीं

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मंगलवार को फोन पर बातचीत की। इस दौरान ट्रम्प ने नेतन्याहू से गाजा में जंग को खत्म करने के लिए कहा है। इजराइल के चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि गाजा में सीजफायर और बंधकों की रिहाई तक ही बात नहीं रुकनी चाहिए, बल्कि जंग को पूरी तरह खत्म किया जाए। इसके अलावा ट्रम्प ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करने को लेकर भी फिलहाल मंजूरी नहीं दी है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने यह भी कहा कि जंग रुकने से ईरान और सऊदी अरब के साथ चल रही बातचीत में मदद मिलेगी।



**ईरान से परमाणु डील के लिए कोशिशें जारी :** डोनाल्ड ट्रम्प ने नेतन्याहू से बातचीत में यह साफ किया कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु डील पर समझौते के लिए कोशिशें जारी हैं। हालांकि ट्रम्प ईरान के हालिया प्रस्ताव से सहमति नहीं है। उन्होंने कहा कि फिर भी बातचीत के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। इसके जवाब में नेतन्याहू ने कहा कि ईरान पर हमेशा सैन्य दबाव बना रहना चाहिए। हालांकि ट्रम्प ने फिर भी ईरान पर सैन्य हमले को टालने पर जोर दिया। इस पर नेतन्याहू ने जवाब दिया कि ईरान पर हमेशा एक विश्वसनीय सैन्य दबाव बना रहना चाहिए। लेकिन ट्रम्प ने दोबारा दोहराया कि बातचीत के दौरान सैन्य हमले की संभावना को टाल देना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रम्प तब तक सैन्य कार्रवाई पर चर्चा नहीं करेंगे जब तक वे यह तय नहीं कर लेते कि कूटनीतिक प्रयास पूरी तरह विफल हो चुके हैं। ब्रिटेन-कनाडा समेत 5 देशों का इजराइल के दो मंत्रियों पर बैन ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड और नॉर्वे ने मंगलवार को इजराइल सरकार के दो कट्टर दक्षिणपंथी मंत्रियों इतामार बेन-गवीर और बेजालेल स्मोतरिच पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। इन पर कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के खिलाफ हिंसा भड़काने का आरोप है। दोनों मंत्री गाजा जंग को जारी रखने के पुरजोर समर्थक हैं। अब इन पर यात्रा प्रतिबंध और संपत्ति जब्त होने जैसे कदम उठाए जा सकते हैं।

## चौथी बार टला प्रक्षेपण, फाल्कन-9 रॉकेट में आई तकनीकी खराबी, नई तारीख का फिलहाल एलान नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य लोगों को आईएसएस लेकर जाने वाले अंतरिक्ष यान-एग्जियोम-4 का प्रक्षेपण फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। स्पेसएक्स ने यह एलान किया। स्पेसएक्स ने बताया कि पोस्ट स्टैटिक फायर बूस्टर के निरीक्षण के दौरान फाल्कन-9 रॉकेट में ऑक्सीजन लीक की समस्या पाई गई। जिसकी मरम्मत के लिए इंजीनियरों ने और समय मांगा है। ऐसे में प्रक्षेपण को फिलहाल टाल दिया गया है।

**प्रक्षेपण की नई तारीख फिलहाल नहीं :** स्पेसएक्स ने ट्वीट कर बताया कि अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होने वाले फाल्कन 9 के एक्स-4 प्रक्षेपण को स्थगित किया जा रहा है। जिससे कि इंजीनियरों को पोस्ट स्टैटिक फायर बूस्टर के निरीक्षण के दौरान पहचाने गए एलओएक्स रिसाव की मरम्मत के लिए अतिरिक्त समय मिल सके। स्पेसएक्स ने कहा कि अब मरम्म होने के बाद हम जल्द ही एक नई लॉन्च तिथि जारी करेंगे।

**चौथी बार टला प्रक्षेपण :** गौरतलब है कि यह चौथी बार है जबकि यह बहुप्रतीक्षित मिशन टल गया है। सबसे पहले इसकी लॉन्चिंग की तारीख 29 मई तय की गई थी, फिर इसे बढ़ाकर आठ जून कर दिया गया। इसके बाद फिर इसके प्रक्षेपण की तारीख में बदलाव करके 10 जून को 5.30 बजे



कर दिया गया। फिर 10 जून से पहले ही नौ जून को भी मिशन को 11 जून तक टाल दिया गया था। तब इसरो ने इसका कारण खराब मौसम को बताया था। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने सोमवार शाम जारी बयान में कहा था, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले यान- एग्जियोम-4 मिशन का प्रक्षेपण 10 के बदले 11 जून 2025 तक स्थगित कर दिया गया है। अब चौथी बार फिर से एग्जियोम-4 का प्रक्षेपण स्थगित कर दिया गया है।

**अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय :** इस महत्वाकांक्षी अभियान के तहत भारत जल्द ही ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाला है। भारत के शुभांशु शुक्ल अब अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बनने वाले हैं। इतना ही नहीं, वे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में पहुंचने वाले पहले भारतीय होंगे। इस मिशन को अमेरिका के अंतरिक्ष अभियानों से जुड़ी कंपनी एग्जियोम स्पेस और नासा के सहयोग से अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही एलन मस्क की स्पेसएक्स इस मिशन में अहम भूमिका निभाएगी।

# अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में सहमति, ट्रम्प-शी जिनपिंग की मंजूरी बाकी

**लंदन, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच चल रही व्यापार वार्ता पर लगभग सहमति बन गई है। सीबीसी न्यूज के मुताबिक दोनों देशों के अधिकारियों ने बताया कि वे एक व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। अब इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मंजूरी का इंतजार है। अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि दोनों देश जिनेवा में पहले हुए समझौते और नेताओं की आपसी बातचीत को अमल में लाने के लिए तैयार हो गए हैं। चीन के व्यापार मामलों के वरिष्ठ अधिकारी ली चेंगगांग ने भी यही बात दोहराई। दरअसल, हाल ही में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच फोन पर बातचीत हुई थी, जिससे दोनों के बीच चल रहा तनाव थोड़ा कम हुआ। इससे पहले दोनों एक-दूसरे पर व्यापार समझौते के नियम तोड़ने का आरोप लगा रहे थे। इसी साल मई में स्विट्जरलैंड में हुई एक बैठक में यह तय हुआ था कि अप्रैल में जोड़े गए नए टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोका जाएगा और कुछ पुराने फैसले भी वापस लिए जाएंगे। इस डील से अमेरिका को अर्थ मिनरल्स मिलने की उम्मीद अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक ने मंगलवार को कहा कि इस सहमति से रेयर अर्थ मिनरल्स और मैग्नेट्स से जुड़ी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यह फ्रेमवर्क पिछले महीने जेनेवा में हुए समझौते को मजबूती देता है। लुटनिक ने बताया इस समझौते में कुछ अमेरिकी एक्सपोर्ट रिस्ट्रिक्शन को हटाने की भी बात हुई। उन्होंने ने कहा, हम इस फ्रेमवर्क को राष्ट्रपति ट्रम्प के पास ले जाएंगे और उनकी मंजूरी के बाद इसे लागू करेंगे। दूसरी ओर,



चीन इसे राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सामने रखेगा। इस डील से अमेरिका को रेयर अर्थ मिनरल्स मिल सकते हैं, जिनका इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों और सेफ्टी इक्यूपमेंट के लिए होता हैं। हालांकि यह फ्रेमवर्क अभी अंतिम नहीं है। अगर किसी एक ने भी इसे खारिज किया, तो ये प्रक्रिया फिर रुक सकती है। अमेरिका और चीन के बीच लम्बे समय से जारी ट्रेड वॉर ने वैश्विक सप्लाई चेन को प्रभावित किया था। यह समझौता इसे सुधार सकता है। चीन के अर्थशास्त्री जियानवेई जू ने कहा कि नेताओं तक रूपरेखा भेजना इस बात का संकेत है कि सभी बातें अभी पूरी तरह तय नहीं हुई हैं। फिर भी यह कदम दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को कम करने और बातचीत जारी रखने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। लेकिन यह अभी साफ नहीं है कि यह समझौता आगे चलकर कितनी बड़ी सफलता साबित होगा। अमेरिका और चीन ने टैरिफ में कटौती का ऐलान किया था इससे पहले अमेरिका और चीन के बीच 11 मई को जेनेवा में ट्रेड डील पर सहमति बनी थी। दोनों देशों ने टैरिफ में 115प्रतिशत कटौती का ऐलान किया था। जिनेवा में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के मुताबिक अमेरिका, चीनी सामानों पर 30प्रतिशत टैरिफ लगाएगा।

# भारत में ग्रीन हाइड्रोजन होगा 40 प्रतिशत सस्ता



### सरकार की नीतियों से लागत में बड़ी गिरावट की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में ग्रीन हाइड्रोजन की लागत में आने वाले समय में बड़ी गिरावट हो सकती है। भारत ने 2030 के अंत तक 5 मिलियन टन की हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

भारत में ग्रीन हाइड्रोजन की लागत में 40 प्रतिशत तक गिरावट आने की संभावना है। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े लक्ष्य रखने वाले भारत में ग्रीन हाइड्रोजन की लागत कम हो सकती है। यह गिरावट सरकार के समर्थन से होगा। ग्रीन हाइड्रोजन बनाने की औसत लागत धीरे-धीरे गिरकर 260 से 310 प्रति किलोग्राम के बीच आ सकती है, यानी लगभग 3 से 3.75 डॉलर प्रति किलोग्राम।

भारत हाइड्रोजन निर्माताओं को सस्ती अक्षय बिजली प्रदान करते आ रहा है, ओपन एक्सेस के लिए अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन शुल्क माफ किया है और वितरण और ट्रांसमिशन शुल्क कम किया गया है। साथ ही, हाइड्रोजन के लिए जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है।

इसके अलावा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इलेक्ट्रोलाइजर निर्माताओं के कुल सिस्टम लागत में 7 से 10 प्रतिशत की गिरावट आएगी। इलेक्ट्रोलाइजर एक ऐसा उपकरण है जो बिजली का उपयोग करके पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में अलग करता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भले ही हरित हाइड्रोजन योजना भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन दीर्घकालिक निवेश और परियोजना को बढ़ावा देने के लिए इसमें सुधार की जरूरत है। इसमें कहा गया कि भारत में हरित हाइड्रोजन मिशन को उद्योग जगत ने उत्साह के साथ अपनाया है। हालांकि, इस क्षेत्र में स्टार्टअप को आकर्षित करने और वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए आपूर्ति श्रृंखला बनाने और मांग को सुरक्षित करने की योजना को बेहतर बनाना होगा। अगर यह सफल रहा, तो यह कृषि, परिवहन और विनिर्माण सहित कई क्षेत्रों के लिए लाभ पहुंचाएगा। साथ ही, भारत के हरित हाइड्रोजन उद्योग को बनाने में मदद कर सकता है।

## 20 रुपए से कम का शेयर बना रॉकेट, निवेशकों पर बरसा रहा पैसा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रतनइंडिया पावर लिमिटेड के शेयरों में जबरदस्त तेजी जारी है। बुधवार को बाजार खुलने के महज आधे घंटे के भीतर शेयर ने एक बार फिर जोरदार उछाल दर्ज किया। इससे पहले मंगलवार को भी यह स्टॉक करीब 18 प्रतिशत तक चढ़ा था। 20 रुपए से कम कीमत वाला यह स्टॉक इस सप्ताह अब तक 40 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दे चुका है, जिससे निवेशक और विश्लेषक दोनों ही हैरान हैं। बुधवार सुबह शेयर ने तेजी के साथ शुरुआत की और 12.70 प्रतिशत की उछाल के साथ 16.14 के स्तर तक पहुंच गया, जबकि मंगलवार को यह 14.32 पर बंद हुआ था। हालांकि इसके बाद मामूली मुनाफावसूली देखी गई और सुबह 10 बजे यह शेयर करीब 10.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15.78 पर ट्रेड कर रहा था। इस शेयर में इस हफ्ते यानी सोमवार से लेकर अब तक जबरदस्त तेजी आई है। शुक्रवार को यह 11.19 रुपए पर बंद हुआ था। आज यानी बुधवार को यह अधिकतम 16.14 रुपए पर पहुंच गया।

## 1 जुलाई से केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे तत्काल टिकट, रेल मंत्रालय का बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 10 जून, 2025 के एक परिपत्र में मंत्रालय ने सभी क्षेत्रों को सूचित किया कि यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि तत्काल योजना का लाभ आम अंतिम उपयोगकर्ताओं को मिले। इसके तहत अब केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही तत्काल टिकट बुक करवा सकेंगे। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। रेल मंत्रालय ने बताया है कि एक जुलाई 2025 के बाद से केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही तत्काल योजना के तहत टिकट बुक कर सकेंगे। 10 जून, 2025 के एक परिपत्र में मंत्रालय ने सभी क्षेत्रों को सूचित किया कि यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि तत्काल योजना का लाभ आम अंतिम उपयोगकर्ताओं को मिले। मंत्रालय ने कहा, 01-07-2025 से तत्काल योजना के तहत टिकट भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट/इसके ऐप के माध्यम से केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे। इसके बाद, 15 जुलाई 2025 से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा।

## सरकार चलाएगी अभियान

# बैंकों में जमा हजारों करोड़ रुपए लौटाने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के बैंकों में हजारों करोड़ रुपए वर्षों से लावारिस पड़े हैं, जिन पर किसी ने अब तक दावा नहीं किया है। अब केंद्र सरकार इस दिशा में गंभीर होती दिख रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी वित्तीय नियामकों और संबंधित विभागों को इन जमाओं के असली मालिकों की पहचान कर राशि लौटाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि सही दावेदारों तक इन जमाओं को पहुंचाने और केवाईसी प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाने की जरूरत है। इसके लिए सभी नियामकों को जिला स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने को कहा गया है।

सीतारमण ने कहा कि जिला स्तर पर विशेष शिविरों के जरिए इस राशि को सही मालिकों तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। यह अभियान भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी, बीमा नियामक, पेंशन नियामक, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय और बैंकिंग संस्थाओं के सहयोग से चलाया जाएगा।

दावा न किए गए फंड्स में सिर्फ बैंकों की जमा राशि ही नहीं, बल्कि शेयर, लाभांश, बीमा और पेंशन कोष की भी बड़ी हिस्सेदारी है।



आरबीआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2024 के अंत तक बैंकों में दावा न की गई जमा राशि 26 फीसदी बढ़कर 78,213 करोड़ रुपए हो गई थी। यह रकम वर्षों से निष्क्रिय खातों, मृतक खाताधारकों की राशि या अधूरी केवाईसी प्रक्रियाओं के कारण अटकी हुई है। वित्त मंत्रालय के बयान के अनुसार, अनिवासी भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों के लिए भी डिजिटल केवाईसी सुविधा को आसान बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में केवाईसी को लेकर एक समान मानदंड और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

यह चर्चा वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की बैठक में हुई, जिसकी अध्यक्षता खुद वित्त मंत्री सीतारमण ने की। बैठक में आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास, सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे, वित्त सचिव अजय सेठ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सरकार ने लिया ऐसा फैसला, स्वदेशी शराब वाले स्टॉक 18% तक उछले

### विदेशी लिकर से जुड़े शेयर बुरी तरह गिरे

नई दिल्ली, एजेंसी। महाराष्ट्र सरकार के एक फैसले से शराब कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। दरअसल, राज्य सरकार ने भारत में निर्मित विदेशी शराब पर एक्साइज ड्यूटी में बढ़ोतरी कर दी है। इस वजह से शराब कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई। हालांकि, कुछ शराब बनाने वाली कंपनियों के शेयर तेजी से चढ़े हैं।



आज बाजार खुलने के बाद यूनाइटेड ब्रुवरीज, एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स, रेडिको खेतान और यूनाइटेड स्पिरिट्स जैसी प्रमुख शराब कंपनियों के शेयरों में 5 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। वहीं, सुला वाइनयार्डर्स, जीएम ब्रेवरीज और सोम डिस्टलरीज के शेयरों में 11 प्रतिशत तक की तेजी आई है।

यूनाइटेड स्पिरिट्स के शेयरों में 7.75त्न, एलाइड ब्लेंडर्स में 3.24त्न, तिलकनगर इंडस्ट्री में 2त्न और रेडिको खेतान में 1.90त्न की गिरावट के साथ कारोबार हो रहा है।

वहीं, सुला वाइनयार्डर्स के शेयर 8त्न, सोम डिस्टिलरीज के शेयर 3.25त्न और जीएम ब्रेवरीज के शेयर 18 त्न की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं।

सुला वाइनयार्डर्स समेत अन्य शराब कंपनियों के शेयरों में तेजी के पीछे का कारण यह है कि निवेशकों को उम्मीद है कि महाराष्ट्र स्थित इन कंपनियों को नई पॉलिसी से महाराष्ट्र निर्मित शराब कैटेगरी से फायदा मिलेगा।

दरअसल, महाराष्ट्र कैबिनेट द्वारा मंजूर नई दरों के तहत, आईएमएफएल पर एक्साइज ड्यूटी विनिर्माण लागत के तीन गुना से बढ़कर 4.5 गुना हो जाएगा, जबकि देसी शराब पर यह शुल्क 180 रुपये से बढ़कर 205 रुपये प्रति प्रूफ लीटर हो जाएगा। सरकार के इस कदम से सालाना 14,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होने की संभावना है।

# एक अगस्त से यूपीआई के नियमों में बड़ा बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी। युपीआई के नियमों में 1 अगस्त से बड़े बदलाव होने जा रहे हैं, जो देश के डिजिटल भुगतान सिस्टम की मजबूती और स्थिरता के लिए जरूरी हैं। यूपीआई पर हो रहे बढ़ते ट्रांजैक्शन के दबाव को कम करने और सिस्टम की गति बनाये रखने के लिए नई पाबंदियां लागू की जा रही हैं। खासतौर पर बैंक बैलेंस चेकिंग, बैंक खातों की जानकारी देखने और ऑटोमेटिक सब्सक्रिप्शन पेमेंट पर सीमाएं लगाई जाएंगी। आइए जानते हैं इन बदलावों की पूरी जानकारी और उनका आपके डिजिटल लेनदेन पर क्या असर होगा।




देश में यूपीआई से हो रहे भारी ट्रांजैक्शन की वजह से सिस्टम पर लोड काफी बढ़ गया है। तकनीकी नियमों में बदलाव का उद्देश्य गैरजरूरी और बार-बार आने वाली एपीआई रिक्वेस्ट को कंट्रोल करना है ताकि यूपीआई सिस्टम की स्थिरता बनी रहे और यह तेजी से काम करता रहे।

अब आप दिन भर में केवल 50 बार अपने बैंक अकाउंट का बैलेंस यूपीआई ऐप के जरिए देख पाएंगे। इससे अत्यधिक बार बार बैलेंस चेक करने वाले उपयोगकर्ताओं पर कंट्रोल होगा।

अगर आपके मोबाइल नंबर से कई बैंक अकाउंट लिंक हैं, तो आप इन खातों की जानकारी एक दिन में सिर्फ 25 बार देख पाएंगे। इससे डेटा की अधिकता और सिस्टम पर अनावश्यक भार कम होगा।

नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम, एसआईपी जैसी सेवाओं के लिए ऑटोमेटिक पेमेंट अब केवल नॉन पीक ऑवर्स में ही किए जा सकेंगे।

यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को आम जनता तक पहुंचा दिया है। बिना बैंक डिटेल्स के, सिर्फ मोबाइल नंबर या त्तक्र कोड से ट्रांजैक्शन करना अब आम बात हो गई है। लाखों छोटे व्यापारी, रिक्शा चालक और कंस्यूमर इससे जुड़े हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यूपीआई सिस्टम के लगातार बढ़ते उपयोग को देखते हुए यह कदम जरूरी था ताकि प्लेटफॉर्म सुचारू रूप से काम करता रहे। नए नियमों से तकनीकी सुधार होगा, लेकिन यूजर एक्सपीरियंस पर भी खास ध्यान रखा गया है ताकि आम जनता को कोई असुविधा न हो।

# भारतीय शेयर बाजार का जलवा, अमेरिका-चीन को पछाड़ा, बना दुनिया का टॉप ग्रोइंग शेयर मॉर्केट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार ने जबरदस्त छलांग लगाते हुए वैश्विक मंच पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है। मार्च 2025 की शुरुआत से अब तक भारत में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण करीब 1 ट्रिलियन डॉलर बढ़कर 5.33 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। 21 प्रतिशत की यह वृद्धि दुनिया के टॉप 10 शेयर बाजारों में सबसे तेज़ है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ भारत ने अमेरिका और चीन जैसे दिग्गज बाजारों को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे तेज़ी से बढ़ता शेयर बाजार बनने का गौरव हासिल किया है। भारत वर्तमान में अमेरिका, चीन, जापान और हांगकांग के बाद वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा बाजार है। वैश्विक स्तर पर भारत के बाद जर्मनी के बाजार ने दूसरा सबसे बड़ा लाभ दर्ज किया, जिसका एमकैप इस अवधि के दौरान लगभग 14 प्रतिशत बढ़ा। कनाडा में लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि हांगकांग में 9 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई। जापान और यूनाइटेड किंगडम में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। संयुक्त राज्य अमेरिका, जो दुनिया का सबसे बड़ा इक्विटी बाजार है, ने लगभग 2.4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की, जबकि दूसरे सबसे बड़े चीन में 2.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। फ्रांस और ताइवान ने क्रमशः 3.9 प्रतिशत और 3.2 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की। मार्च महीने से लेकर अबतक भारत के बेंचमार्क सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी में 12.5 प्रतिशत और 13.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक क्रमशः 20.7 प्रतिशत और 26 प्रतिशत से अधिक चढ़े हैं। भारतीय शेयर बाजार में रैली लौटने से निवेशकों की बंपर कमाई हुई है। इससे निवेशक एक बार फिर गदगद हैं।





## ई-कॉमर्स और खुदरा व्यापार से जुड़ी नीतियों को बेहतर बनाने पर हो रही चर्चा : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खुदरा व्यापार नीति पर भी चर्चा चल रही है क्योंकि ये दोनों एक–दूसरे से जुड़ी हुई हैं। उद्योग व आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड से राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति तैयार करने के लिए सुझाव देने को कहा है। प्रस्तावित राष्ट्रीय ई–कॉमर्स और खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा चल रही है क्योंकि दोनों एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। विभिन्न देशों के साथ व्यापार वार्ता के लिए विदेश दौरे पर गए वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है। उन्होंने कहा है कि चूंकि ई–कॉमर्स क्षेत्र एक उभरता हुआ और तेजी से बदलता हुआ विषय है, इसलिए हमने कुछ विचार सामने रखे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इसे और अधिक समसामयिक बनाने के लिए हमें नीति में संशोधन करना होगा और इस पर चर्चा चल रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खुदरा व्यापार नीति पर भी चर्चा चल रही है क्योंकि ये दोनों एक–दूसरे से जुड़ी हुई हैं। उद्योग व आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड से राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति तैयार करने के लिए सुझाव देने को कहा है। वर्ष 2021 में खुदरा व्यापार को सुव्यवस्थित करने और खुदरा व्यापार क्षेत्र के सभी स्वरूपों के सामंजस्यपूर्ण ढंग से विकास के लिए खुदरा व्यापार नीति का मसौदा तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य व्यापार को आसान बनाना, किफायती ऋण तक आसान और त्वरित पहुंच सुनिश्चित करना व खुदरा व्यापार के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण को सुविधाजनक बनाना है। इससे पहले, मंत्रालय ने राष्ट्रीय ई–कॉमर्स नीतियों के दो प्रारूप जारी किए हैं। 2019 के मसौदे में ई–कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र के छह व्यापक क्षेत्रों– डेटा, बुनियादी ढांचे का विकास, ई–कॉमर्स बाजार, नियामकीय मुद्दे, घरेलू डिजिटल अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करना और ई–कॉमर्स के जरिए निर्यात को बढ़ावा देने पर ध्यान देने का प्रस्ताव किया गया है।

## सेंसेक्स 82,515 और निफ्टी 25,140 के पार बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बुधवार (11 जून) को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 123 अंक की तेजी के साथ 82,515 पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी में 37 अंक की तेजी रही, ये 25,141 के स्तर पर क्लोज हुआ।

इससे पहले सेंसेक्स में 310 अंक से ज्यादा की तेजी रही, ये 82,712 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी में भी करीब 102 अंक की तेजी रही, ये 25,206 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,385 पर और कोरिया का कोस्पी 0.66 प्रतिशत चढ़कर 2,890 पर कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.84त्न गिरावट के साथ 24,366 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.53 प्रतिशत गिरकर 3,402 पर कारोबार कर रहा है। 10 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.25 प्रतिशत बढ़कर 42,866 पर बंद हुआ। वहीं नैस्डेक कंपोजिट 0.63 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ।



# रिकॉर्ड ऊंचाई पर चांदी के दाम, इस लेवल तक जाएगी कीमत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार बढ़ रही चांदी की कीमतों ने सबको चौंका दिया। फिलहाल चांदी का भाव प्रति किलो 1 लाख से ऊपर चल रहा है और बाजार विशेषज्ञों का अनुमान है कि दिवाली तक यह 1.30 लाख प्रति किलो के पार पहुंच सकता है। यह तेजी सिर्फ आम ग्राहकों ही नहीं, बल्कि निवेशकों के लिए भी एक बड़ा संकेत मानी जा रही है। केडिया एडवाइजरी के निदेशक अजय सुरेश केडिया के मुताबिक, वैश्विक बाजार में तकनीकी ब्रेकआउट के चलते चांदी की कीमत में यह उछाल देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले महीनों में चांदी का भाव 1.25 लाख से 1.30 लाख प्रति किलो के बीच पहुंच सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी का भाव 37 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया है, जो एक महत्वपूर्ण स्तर माना जा रहा है। इसके साथ ही अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव में कुछ नरमी आने से भी औद्योगिक मांग में तेजी आई है। विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी की मांग इलेक्ट्रिक वाहनों, 5त्न तकनीक और क्लीन एनर्जी सेक्टर में सबसे अधिक है, जिससे इसकी कीमत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,000 की तेजी के साथ 1,08,100 प्रति किलोग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वहीं, सोना 110 गिरकर 97,670 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। ज्वेलर्स और स्टॉकिस्टों द्वारा की जा रही बिकवाली की वजह से सोने में यह गिरावट देखी गई।

# एनसीएलटी ने आईनॉक्स विंड एनर्जी व आईनॉक्स विंड के विलय को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईनॉक्सजीएफएल समूह ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मंगलवार को एनसीएलटी के आदेश के बाद आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड का आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) में विलय हो जाएगा। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की चंडीगढ़ पीठ ने आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड और आईनॉक्स विंड लिमिटेड के विलय को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से आईनॉक्सजीएफएल समूह के पवन व्यवसाय को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा और समग्र परिचालन क्षमता में सुधार होगा।

आईनॉक्सजीएफएल समूह ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मंगलवार को एनसीएलटी के आदेश के बाद आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड का आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) में विलय हो जाएगा। इसमें कहा गया है कि इस विलय से आईनॉक्सजीएफएल समूह के पवन ऊर्जा व्यवसाय का सरलीकरण और सुव्यवस्थितीकरण होगा, तथा समग्र परिचालन क्षमता में सुधार होगा।



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 13 जून 2025
Www.vishalindia.in



# हनी सिंह ने फिर लिया रैपर बादशाह से पंगा, दुआ लीपा वाले विवादित बयान की सफाई पर कसा तंज

बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री में एक बार फिर दो पुराने रैपर्स के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। इस बार मामला है रैपर बादशाह के एक विवादित बयान और उस पर हनी सिंह की तीखी प्रतिक्रिया का। दुआ लीपा को लेकर दिए गए एक कमेंट के बाद पहले ही बादशाह सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे थे और अब हनी सिंह के तंज ने इस विवाद को और बढ़ा दिया है। दरअसल बादशाह ने हाल ही में एक इंटरव्यू में इंटरनेशनल पॉप सिंगर दुआ लीपा के बारे में ऐसा बयान दिया, जो काफी आपत्तिजनक माना गया। उन्होंने कहा था कि वो उनके साथ बच्चे पैदा करना पसंद करेंगे। इस बयान को लेकर सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई। मामला तूल पकड़ने के बाद बादशाह ने सफाई दी कि उनका इरादा तारीफ करने का था, न कि अपमान का। उन्होंने कहा, 'जब आप किसी महिला की तारीफ करना चाहते हैं, तो सबसे खूबसूरत तारीफ ये हो सकती है कि आप उन्हें अपने बच्चों की मां के रूप में देखना चाहें।'

### हनी सिंह ने किया कटाक्ष

हालांकि बादशाह की ये सफाई भी लोगों को रास नहीं आई। इंस्टाग्राम पर जब एक मीडिया पेज ने उनकी सफाई को पोस्ट किया, तो हनी सिंह ने उस पर कमेंट करते हुए लिखा– जीनियस। यह कमेंट भले ही छोटा था, लेकिन इसके पीछे छुपा तंज इंटरनेट यूजर्स से छिपा नहीं रहा। फैंस ने तुरंत समझ लिया कि हनी सिंह बादशाह की सफाई पर व्यंग्य कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'पाजी ने तो कटाक्ष कर दिया', तो दूसरे ने लिखा, 'पाजी, तुस्सी ग्रेट हो!'

### पुरानी दुश्मनी एक बार फिर गर्माई

गौरतलब है कि हनी सिंह और बादशाह कभी एक ही रैप ग्रुप 'माफिया मुंडीर' का हिस्सा थे, जिसमें इक्का, लिल गोलू और रफ्तार जैसे रैपर भी थे। लेकिन समय के साथ इनके बीच मतभेद बढ़े और ग्रुप टूट गया। तब से दोनों रैपर्स के बीच दरार बनी हुई है, जो सोशल मीडिया और इंटरव्यूज के जरिए कई बार सामने आ चुकी है।

### बादशाह ने हनी सिंह से मांगी थी माफी

2024 में देहरादून में एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान बादशाह ने मंच से यह कहकर सबको चौंका दिया था कि वे हनी सिंह से अपनी दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कि वो बीती बातों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना चाहते हैं और हनी सिंह के लिए शुभकामनाएं भी दी थीं। लेकिन लगता है कि हनी सिंह अब भी इस रिश्ते को पहले की तरह ही देख रहे हैं और मेल–मिलाप के मूड में नहीं हैं।



# अब खुद को 'अनुराग बसु की हीरोइन' कह सकती हूं

फिल्म अभिनेत्री सारा अली खान के लिए यह एक सपना सच होने जैसा है। दरअसल, अभिनेत्री फिल्म निर्माता अनुराग बसु और 2007 की फिल्म लाइफ इन ए मेट्रो की प्रशंसक रही हैं। सारा ने कहा कि दूसरी फिल्म में काम करने के बाद अब वह खुद को अनुराग बसु की हीरोइन कह सकती हैं। सारा ने इंस्टाग्राम पर मेट्रो.इन दिनो के ट्रेलर लॉन्च का एक वीडियो शेयर किया। इसमें आगामी फिल्म के ट्रेलर की कुछ झलकियां भी दिखाई गई। फिल्म 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है।

कैप्शन में सारा ने लिखा, मेट्रो देखने और उसे पसंद करने से लेकर अब इसमें काम करने तक। सपने सच होते हैं। मैं अनुराग बसु की प्रशंसक रही हूं– अब मैं कह सकती हूँ कि मैं भी अनुराग बसु की हीरोइन हूं। म्यूजिकल फिल्म का ट्रेलर 4 जून को जारी किया गया था और इसमें चार अलग–अलग उम्र के जोड़ों की दिलचस्प कहानी दिखाई गई थी। ट्रेलर के अनुसार, फिल्म का कथानक काफी हद तक अपनी पिछली फिल्म जैसा ही है। इसमें 4 जोड़ों की जिंदगी को दिखाया गया है और दिखाया गया है कि वे किस तरह से जीवन में आने वाले उतार–चढ़ावों का सामना करते हैं।

फिल्म में अनुपम खेर, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, फातिमा सना शेख, अली फजल और नीना गुप्ता हैं। अनुराग बसु, संगीत के दिग्गज प्रीतम, टी–सीरीज के निर्माता भूषण कुमार और शाश्वत सिंह, पापोन और राघव चैतन्य जैसे गायकों की उपस्थिति में फिल्म का पहला गाना 'जमाना लागे जारी किया गया था। गुलशन कुमार और टी–सीरीज द्वारा प्रस्तुत, अनुराग बसु प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से, 'मेट्रो इन दिनो' का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अनुराग बसु और तानी बसु द्वारा किया गया है। यह फिल्म 4 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में आने वाली है। सारा को आखिरी बार एक्शन ड्रामा फिल्म स्काई फोर्स में देखा गया था, जो 1965 के भारत–पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के पहले हवाई हमले के इर्द–गिर्द घूमती है। फिल्म में अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया और निमरत कौर भी हैं।



# इस दिन ओटीटी पर रिलीज होगी दिलजीत की डिटेक्टिव शेरदिल

पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ की आगामी फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल की रिलीज डेट का एलान हो गया है। यह फिल्म इसी महीने यानी जून में दर्शकों के बीच पहुंच रही है। मगर, फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है।

### इस तारीख को यहां होगी रिलीज

डिटेक्टिव शेरदिल की रिलीज डेट काफी वक्त से अटकी हुई थी। करीब तीन साल की लेट–लतीफी के बाद आखिर आज रविवार की इसकी रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है। अली अब्बास जफर ने फिल्म का पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ बताया है कि यह फिल्म 20 जून 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगी।

### रवि छाबड़िया का डायरेक्शन डेब्यू

इस मिस्ट्री कॉमेडी ड्रामा फिल्म की शूटिंग कई साल पहले पूरी हो चुकी थी। मगर, अज्ञात कारणों से फिल्म की रिलीज अटकी हुई थी, मगर आज इसका रास्ता साफ हो गया है। फिल्म के निर्देशन की कमान रवि छाबड़िया ने संभाली है। इस फिल्म के जरिए रवि निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं।

### जासूस की भूमिका में नजर आएंगे दिलजीत

इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ एक अनोखे जासूस की भूमिका में नजर आएंगे। दिलजीत के अलावा सुमित व्यास, डायना पेंटी, बनिता संधू, चंकी पांडे, बोमन ईरानी और रत्ना पाठक शाह भी फिल्म में अहम भूमिकाएं अदा करते दिखेंगे।

### सरदार जी 3 भी है कतार में

डिटेक्टिव शेरदिल, दिलजीत दोसांझ और अली अब्बास जफर की दूसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों जोगी फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। डिटेक्टिव शेरदिल में दर्शकों को सस्पेंस, रोमांच और कॉमेडी का भरपूर डोज मिलने वाला है। इसके अलावा दिलजीत दोसांझ फिल्म सरदार जी 3 में नजर आएंगे, जो 27 जून 2025 को रिलीज होगी।

# हाउसफुल 5 शानदार ओपनिंग का सोनम ने मनाया जश्न, टाइगर श्रॉफ ने दी बधाई

बॉलीवुड में हाल ही में कदम रखने वाली पंजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा इन दिनों अपनी पहली हिंदी फिल्म हाउसफुल 5 की सफलता का जश्न मना रही हैं। हालांकि फिल्म तो मिले–जुले रिएक्शन्स मिल रहे हैं लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छे आकंड़े लेकर आ रही है। बस इसी खुशी का जश्न को सोनम बाजवा ने अपनी आने वाली फिल्म के सेट पर मनाया।

### टाइगर श्रॉफ ने दी सोनम को बधाई



बागी 4 के सेट से सामने आए वीडियो में सोनम बाजवा बेहद खुश नजर आ रही हैं। फिल्म की ओपनिंग डे पर कमाई 24.35 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई, जिसे लेकर सभी बेहद उत्साहित थे। सोनम के साथ मौजूद टाइगर श्रॉफ ने भी इस मौके पर खास मैसेज दिया और कहा, 'हाउसफुल 5' की टीम को इतने जबरदस्त रिस्पॉन्स के लिए बधाई। सजिद सर, संजय सर और खूबसूरत सोनम को बहुत–बहुत शुभकामनाएं।'

### सोनम बाजवा ने जताया आभार

सोनम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'हाउसफुल 5' हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। ये मेरा पहला बॉलीवुड प्रोजेक्ट है और इससे बेहतर स्वागत मैं सोच भी नहीं सकती थी। सजिद सर और पूरी टीम का तहेदिल से शुक्रिया।' उन्होंने बागी 4 की टीम को भी इस सरप्राइज सेलिब्रेशन के लिए धन्यवाद दिया और लिखा, 'टाइगर, निम्मा हरिशा सर और पूरी बागी 4 की टीम का बहुत शुक्रिया इस यादगार जश्न के लिए। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे संजय दत्त सर के साथ दोनों फिल्मों में काम करने का मौका मिला।'

### सोनम के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

हाउसफुल 5 के बाद सोनम अब टाइगर श्रॉफ के साथ बागी 4 में नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास एक दीवाने की दीवानियत नाम की एक और बॉलीवुड फिल्म है, जिसमें उनके साथ हर्षवर्धन राणे दिखाई देंगे। सोनम अब बॉलीवुड में अपने अभिनय की छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



# रिलेशनशिप को लेकर अनन्या पांडे का खुलासा

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इसी बीच एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या ने खुलकर रिलेशनशिप को लेकर अपनी राय पेश की।

### पार्टनर के लिए बदल जाते हैं लोग

एक खबर के मुताबिक, अनन्या पांडे ने बताया कि वह अक्सर अपने पार्टनर को खुश करने के लिए खुद को बदल लेती थीं, जैसे उनकी पसंद की फिल्में देखना या उनके जैसा कपड़े पहनना। अनन्या ने इसे अपने लोगों को खुश करने वाले व्यक्तित्व का हिस्सा बताया। इसके साथ ही उन्होंने रिलेशनशिप में धोखा देना, झूठ बोलना, और अपने पार्टनर को सार्वजनिक रूप से नीचे दिखाने को लेकर भी बात की।

### रिश्ते में क्या है सबसे बड़ा खतरा

अनन्या के लिए सबसे बड़ा खतरा यह है कि अगर कोई पार्टनर उनकी सफलता से खुश न हो। उन्होंने कहा कि रिलेशनशिप में ईमानदारी और एक–दूसरे को वैसे ही स्वीकार करना जरूरी है। कथित तौर पर पहले अनन्या का नाम ईशान खट्टर, कार्तिक आर्यन और आदित्य रॉय कपूर के साथ जोड़ा गया था। अब अफवाह है कि वह पूर्व मॉडल वॉकर ब्लैंको को डेट कर रही हैं, लेकिन उन्होंने इस पर कोई चर्चा नहीं की।

हाल ही में अनन्या एक्टर अक्षय कुमार और आर माधवन के साथ फिल्म केसरी चैप्टर 2 में नजर आईं, जिसे दर्शकों और आलोचकों ने पसंद किया। वह जल्द ही रोमांटिक ड्रामा फिल्म चांद मेरा दिल में लक्ष्य के साथ और कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक कॉमेडी फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी में नजर आएंगी। फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी 13 फरवरी, 2026 को रिलीज होगी।





# पहले हीरोइनें सेट पर डरी-सहमी रहती थीं कि कहीं उनके हाथ से फिल्म ना निकल जाए

**कुनिका सदानंद करीब चार दशक का लंबा सफर तय कर चुकी हैं। इसके लिए वह खुद को खुशनसीब मानती हैं। उन्होंने कई बार नकारात्मक किरदारों से दर्शकों का दिल जीता है, लेकिन असल में वह बेहद सकारात्मक सोच वाली महिला हैं। बीते दिनों वह नजाकत और नफासत के शहर से रूबरू हुईं तो सबसे मुस्कुराकर मिलीं।**

सूरज बड़जात्या बिना शोर–शराबे के शूटिंग करते हैं सूरज बड़जात्या द्वारा निर्देशित फिल्म हम साथ साथ हैं आज भी लोगों के जेहन में है। कुनिका सदानंद भी उस फिल्म का हिस्सा थीं। बातचीत में उन्होंने फिल्म से जुड़ा अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि फिल्म में शादी वाले सीक्वेंस शूट करने में बहुत मजा आया था। ऐसा लगता था कि जैसे हम किसी बहुत बड़ी शादी में मेहमान बनकर आए हों और वहां पूरा परिवार इकट्ठा हुआ हो। सूरज बड़जात्या जी के साथ क्या है ना कि वो बहुत आराम से शूटिंग करते हैं। उनके सेट पर आपको शोर–शराबा नहीं सुनने को मिलेगा। शाकाहारी खाना मिलता है। साथ ही साफ–सफाई का पूरा खयाल रखा जाता है। रमेश सिप्पी, इंदर कुमार, अब्बास–मस्तान जैसे फिल्ममेकर्स के साथ भी काम करके बहुत मजा आया है।

### कई लोग आपकी सिलेब्रिटी इमेज से प्यार करते हैं

वह कहती हैं कि कई बार मेरे भाव और गंभीरता को देखकर लोगों को लगता है कि कहीं मैं एक्टिंग तो नहीं कर रही। मेरा मानना है कि सामने वाला अगर आपको ठीक से जानता है तो वो जरूर पकड़ लेगा कि आप एक्टिंग कर रहे या वाकई में सच बोल रहे हैं। होता क्या है कि जब आप सिलेब्रिटी हो जाते हैं तो कई लोग आपकी उसी छवि से प्यार करने लगते हैं। वो पूरी तरह से आपके ग्लैमर पर फिदा रहते हैं। ये बात कइयों को बहुत बाद में पता चलती है। असल में क्या है कि ऐसे लोग आपकी आत्मा को नहीं छू पाते और ना ही वह आपको भीतर से जानने की कोशिश करते हैं। ये बहुत दुखद चीज है। पार्टनर ऐसा चुनिए जो आपको भीतर से जानता हो ना कि वो सिर्फ आपके ग्लैमर पर फिदा हो।

### खुशनसीब हूं कि इंडस्ट्री में काम कर रही

फिल्म इंडस्ट्री ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। 37 साल का लंबा करियर हो चुका है। बाकी उतार–चढ़ाव तो हर किसी के जीवन का हिस्सा है। मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मैं इस इंडस्ट्री का हिस्सा हूं। बहुत से ऐसे लोग हैं, जो यहां काम करने का सपना देखते हैं लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल पाता। अच्छे लोगों के साथ काम करने के साथ मुझे सीख भी काफी मिली हैं। सबसे खास सीख मुझे फिल्म इंडस्ट्री की लगती है कि वो यही है कि फिल्में सदाबहार होती हैं। उन्हें चाहे जितने साल बीत जाएं लेकिन लोग उन्हें देखना या उनके बारे में बात करना नहीं भूलते हैं।

### पहले हीरोइन डरी–सहमी रहती थीं

हमारे समय से लेकर अब तक फिल्म इंडस्ट्री में काफी बदलाव हुआ है। पहले हीरोइन सेट पर डरी–सहमी रहती थीं कि कहीं उनके हाथ से फिल्म ना निकल जाए। अब उन्हें अपनी जगह पता है और अपने टैलेंट पर भरोसा है इसलिए वह किसी से नहीं डरती हैं। कई बार ऐसा भी हुआ है कि हीरोइन को फिल्म बनने के बाद भी पूरे पैसे नहीं मिले और प्रोड्यूसर उन्हें टरकाते रहे। फिर अगर कहीं फिल्म फ्लॉप हो गई तो आपके पैसे डूब गए समझो। सिर्फ सेक्शुअल इश्यूज नहीं हैं, इस तरह की घटनाएं भी इंडस्ट्री में होती रही हैं। आज सोशल मीडिया के जमाने में क्या है कि लोग खुलकर बोल सकते हैं।

### ...तो जिम्मेदार लोगों से सवाल किया जाना चाहिए

आज के समय में सिर्फ युवा ही नहीं, हर कोई तनाव में है। लोगों को अपने भविष्य की चिंता करनी चाहिए। कमाई का जरिया, नौकरियां, अच्छे इंस्टिट्यूशंस और बेहतर मेडिकल सुविधाएं नहीं होंगी तो हर कोई तनाव में आ जाएगा। ऐसे में जनता को जिम्मेदार लोगों से सवाल करना चाहिए कि आखिर हमारे लिए क्या किया जा रहा है। झंडा लेकर घूमना, तलवारों के साथ डांस करना और त्योहारों पर अश्लील गाने गाना ये सही नहीं है। अपने हक के लिए आवाज उठाना बेहद जरूरी है। अगर हम आवाज नहीं उठाएंगे तो हमारा इस्तेमाल ऐसे ही होता रहेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in